कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 375, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 10 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### विपक्ष में मुझ पर हमला करने की हिम्मत नहीं, विपक्ष पर मोदी का तंज- एक अकेला सब पर भारी, कहा, नेहरू महान थे तो परिवार का कोई व्यक्ति उनका सरनेम क्यों नहीं रखता

# 'नकारे जाने पर भी कांग्रेस साजिश रच रही'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों की भाषा और व्यवहार को निराशाजनक बताते हुए कहा कि विपक्ष में मुझ पर हमला करने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश देख रहा है एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। मैं देश के लिए जीता हूं और देश के लिए कुछ करने के लिए निकला हूं।

प्रधानमंत्री मोदी आज कुछ विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दे रहे थे। अडानी विवाद पर विपक्षी सदस्यों ने इस मामले की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की मांग की है। प्रधानमंत्री ने अपने उत्तर की शुरूआत राष्ट्रपति को उनके संबोधन में विकसित भारत का विजन प्रस्तुत करके दोनों सदनों का मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद देते हुए की। प्रधानमंत्री मोदी ने विरोध कर रहे विपक्षी सदस्यों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके कृत्यों से भाजपा को आगे बढ़ने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, बीते दशकों में अनेक बुद्धिजीवियों ने इस सदन से देश को दिशा दी है, देश का मार्गदर्शन किया है। इस देश में जो भी बात होती है उसे देश बहुत गंभीरता से सुनता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोगों का व्यवहार और वाणी न केवल सदन, बल्कि देश को निराश करने वाली है। इस प्रकार की वृत्ति वालों को मैं यही कहूंगा- कीचड़ उसके पास था, मेरे पास गुलाल, जो भी जिसके पास था उसने दिया उछाल...जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ही खिलेगा। सरकार की तमाम योजनाओं के नामकरण को लेकर कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अखबारों में पढ़ा था कि 600 के करीब योजनाएं गांधी-नेहरू के नाम से हैं। मुझे यह समझ नहीं आता कि उनकी पीढ़ी का कोई व्यक्ति नेहरू सरनेम रखने से डरता क्यों है? क्या शर्मंदगी है? इतना बड़ा व्यक्ति है तो शर्मंदगी क्या है? और आप हमारा हिसाब मांगते हो। यह सदियों पुराना देश जन-जन की पीढ़ियों की परंपरा से बना हुआ देश है, यह देश किसी परिवार की जागीर नहीं है।

केंद्र और राज्यों के बीच टकराव को लेकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हम पर राज्यों से टकराव के आरोप लगाए जाते हैं, लेकिन ये लोग जब सत्ता में थे तो 90 बार आर्टिकल 356 का इस्तेमाल करके सरकार राज्यों में गिरा दी गई। अकेली इंदिरा गांधी ने ही 50 बार इस नियम का इस्तेमाल करते हुए राज्यों में सरकारों को गिरा दिया। केरल में कम्युनिस्टों की सरकार हो या फिर तमिलनाडु में करुणानिधि और एमजीआर की सरकार इन्होंने उसे हटा दिया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर विकास की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का खड़गे जी के दावे के अनुसार नींव बनाने का इरादा हो सकता है, लेकिन उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान केवल गड्ढों को खोदा और विकास में अड़ंगा लगाया। इससे देश ने छह दशक गंवाए जबकि छोटे देशों ने तरक्की की। उन्होंने कहा कि केवल मंशा व्यक्त करने से काम नहीं चलता, गति, दिशा और विकास का परिणाम मायने रखता है। उन्होंने कहा, 60 साल कांग्रेस के परिवार ने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए थे... हो सकता है उनका इरादा न हो, लेकिन उन्होंने किए। जब वो गड्ढे खोद रहे थे, 6 दशक बर्बाद कर चुके थे... तब दुनिया के छोटे-छोटे देश भी सफलता के शिखरों को छू रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा पहले के समय के विपरीत हमारी सरकार का उद्देश्य नागरिकों के लिए स्थायी समाधान प्रदान करना और उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि पहले के समय में लोगों की समस्याओं का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी थी, लेकिन उनकी प्राथमिकताएं और इरादे अलग थे।

### 'छोटे किसान भारत के कृषि क्षेत्र की रीढ़ हैं'

**प्रधानमंत्री** ने कहा, महात्मा गांधी श्रेय और प्रिय कहा करते थे। हमने श्रेय का रास्ता चुना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने जो रास्ता चुना है वो वह नहीं है जहां आराम करना प्राथमिकता हो, बल्कि वह है जहां हम आम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन-रात काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार ने आजादी का अमृत काल में संतृप्ति प्राप्त करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने सरकार के उन प्रयासों को दोहराया जहां देश के प्रत्येक लाभार्थी तक 100 प्रतिशत लाभ पहुंच रहा है। मोदी ने कहा, यही सच्ची धर्मनिरपेक्षता है। यह भेदभाव और भ्रष्टाचार को समाप्त करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, दशकों तक हमारे आदिवासी भाई-बहन विकास से वंचित रहे। अगर कांग्रेस ने आदिवासियों के कल्याण के प्रति समर्पण भाव से काम किया होता तो आज हमें इतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती। हमने उनके कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में आदिवासी कल्याण के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया गया था और आदिवासी कल्याण के लिए ठोस प्रयास किए गए थे।

## पाक के कारण भारत से संबंध खराब नहीं करेगा रूस: रूसी राजदूत



**नई दिल्ली:** भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने भारत और पाकिस्तान के साथ रूस के रिश्तों पर अहम बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत, रूस का नजदीकी मित्र है और पाकिस्तान के कारण रूस अपने दोस्त से संबंध खराब नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए रूस ने पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा संबंधों का गला घोंट दिया है। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अलीपोव ने कहा कि रूस कभी कुछ ऐसा नहीं करेगा, जिससे भारत को नुकसान हो। उन्होंने भारत-चीन के तल्ख रिश्तों पर भी अपना रूस का रखा। उन्होंने कहा कि रूस चाहता है कि भारत और चीन के संबंध सामान्य हों। यह न केवल एशियाई सुरक्षा बल्कि वैश्विक सुरक्षा के लिए भी अहम होगा।

### जोशीमठ : मकानों में फिर दरारें आने से दहशत में लोग


**देहरादून:** जोशीमठ में भू-धंसाव से आ रही दरारों का सिलसिला एक बार फिर से शुरू हो गया है। मकानों में फिर से दरारें बढ़ने से लोगों में खौफ का माहौल है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मामले को लेकर गुरुवार को सचिवालय में आपातकालीन बैठक बुलाई। इसमें आपदा प्रबंधन विभाग और सरकार के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और इस समस्या के बारे में मंथन किया गया। बताया गया कि दो दिन पहले सिंहधार वार्ड के कुछ मकानों में हल्की दरारें आईं थीं और कुछ मकानों में पुरानी दरारें भी बढ़ गईं हैं।

## अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट में 10 फरवरी को सुनवाई



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट अडाणी समूह के बारे में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मसले पर 10 फरवरी को सुनवाई करेगा। वकील विशाल तिवारी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने जल्द सुनवाई की मांग की थी। जिसके बाद कोर्ट ने 10 फरवरी को सुनवाई करने का आदेश दिया। हिंडनबर्ग रिपोर्ट और अडाणी मामले पर दो याचिकाएं दायर की गई हैं। एक याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि भारत की संप्रभुता के लिए यह आवश्यक है कि इसकी जांच की जाए। याचिका में बड़े कॉरपोरेट घरानों को दिए जाने वाले लोन को स्वीकृति देने के लिए बनाई गई नीति की देखरेख के लिए एक विशेष कमेटी गठित किए जाने की मांग की गई है। दूसरी याचिका वकील मनोहर लाल शर्मा ने दायर की है। याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की मांग की गई है। मनोहर लाल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर निर्दोष निवेशकों का शोषण और उनके साथ धोखाधड़ी करने के लिए शार्ट सेलर के खिलाफ भी जांच की मांग की है। शर्मा की याचिका में शार्ट सेलर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए निवेशकों को मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है। शर्मा ने याचिका में हिंडनबर्ग के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 120बी और सेबी के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

## राहत सामग्री लेकर एक और विमान तुर्किए रवाना



**नई दिल्ली:** तुर्किए में आए भयंकर भूकंप से प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार ने 'ऑपरेशन दोस्त' शुरू किया है। बुधवार देर रात भारतीय वायु सेना का सी17 ग्लोबमास्टर विमान से एक और टीम तुर्किए के लिए रवाना की गई। चिकित्सा, राशन, राहत उपकरणों और एनडीआरएफ के जवानों को रवाना करने के लिए केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन हिंडन एयरबेस गाजियाबाद पहुंचें। यहां केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबंधित अधिकारियों को तुर्किए में भूकंप से प्रभावित लोगों को सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तुर्की में भूकंप प्रभावित लोगों की मदद के लिए भारत ने वहां एक अस्पताल भी खोला है।

## यमुना को साफ करने की दिशा में केजरीवाल सरकार का बड़ा कदम



**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को यमुना विहार एसटीपी की क्षमता को बढ़ाने और यमुना तक साफ पानी पहुंचाने के लिए विशेष पाइपलाइन डालने की परियोजना के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस परियोजना के तहत यमुना विहार एसटीपी की क्षमता 45 एमजीडी से बढ़ाकर 70 एमजीडी की जाएगी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आधुनिक तकनीक से अपग्रेड कर सीवेज के पानी को बेहतर तरीके से शोधित करने के निर्देश दिए, ताकि गंदे पानी के बायोलॉजिकल ऑक्सीडेशन डिमांड (बीओडी) स्तर को शोधित कर 10 तक लाया जा सके। परियोजना के पूरा होने पर पूर्वी दिल्ली की करीब 6 लाख आबादी को फायदा होगा। साथ ही पूर्वी दिल्ली के नाले में गंदे पानी के बहाव को कम करने में मदद मिलेगी।

**शोधित पानी के पुनर्चक्रण और दोबारा इस्तेमाल पर दिया जाएगा जोर:** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के अलग अलग इलाकों में विभिन्न वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाने व यमुना की सफाई को लेकर चरणबद्ध तरीके से काम कर रही है। हमने यमुना नदी को 2025 में पूरा साफ करने का लक्ष्य रखा है। यमुना तक साफ पानी पहुंचे, इसके लिए यमुना विहार एसटीपी की क्षमता 45 एमजीडी से बढ़ाकर 70 एमजीडी की जाएगी।

शोधित पानी के पुनर्चक्रण और दोबारा उपयोग पर जोर देते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि एसटीपी से आने वाले ट्रीडेड पानी से न केवल यमुना को साफ करने में मदद करेगा, बल्कि अन्य चीजों के लिए भी बेहत उपयोगी है।

## सपा नेता के जेल स्थानान्तरण पर भड़के शिवपाल



**रायबरेली: सपा** नेता के जेल बदलने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव भड़क गए हैं। उन्होंने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह पारदर्शी लोकतंत्र और निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल है। गुरुवार को एक ट्वीट में शिवपाल यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। दरअसल शिवपाल सिंह यादव शुक्रवार को जेल में निरूद्ध सपा नेता से मिलने आने वाले थे, लेकिन आज उक्त सपा नेता को सुल्तानपुर जेल भेज दिया गया। शिवपाल सिंह यादव ने इसी को लेकर ट्वीट किया और कहा कि उन्होंने जेल में निरूद्ध आरपी यादव से मुलाकात के लिए जेल प्रशासन से आग्रह किया था। इसके बावजूद आनन-फानन में उन्हें सुल्तानपुर जेल स्थानान्तरित कर दिया गया। भाजपा सरकार की यह कारवाई निष्पक्ष लोकतंत्र व पारदर्शी न्यायिक व्यवस्था पर सवाल है। उन्होंने अपने ट्वीट के साथ एक पत्र भी लगाया है, जिसमें उनके द्वारा जेल में आरपी यादव से मुलाकात करने की अनुमति देने का आग्रह किया गया है।

## बाल विवाह पर एक्शन को जमीयत-ए-उलमा-ए-हिंद का समर्थन



**नई दिल्ली:** असम में बाल विवाह के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को जमीयत-ए-उलमा-ए-हिंद का समर्थन मिला है। जमीयत-ए-उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि ये बिल्कुल सही है। लेकिन ऐसे लग रहा है कि ये कार्रवाई किसी धर्म विशेष के खिलाफ की जा रही है। इसे निष्पक्ष होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर समान नागरिक संहिता पर आम सहमति बनाने के लिए कुछ संजीदा कोशिशें की जा रही हैं तो इसमें कोई बुराई नहीं है। सरकार को अपना एक्शन निष्पक्ष रखना चाहिए।

**असम में चार हजार से ज्यादा केस, दो हजार गिरफ्तारी:** असम सरकार ने पिछले सप्ताह बाल विवाह के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया। राज्य में बाल विवाह में शामिल हुए 52 पुजारियों और काजी को गिरफ्तार किया गया है। उग्रह्व जीपी सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां धुबरी, बारपेटा, कोकराझार, विश्वनाथ जिलों में हुई हैं। राज्य में बाल विवाह के 4,004 मामले दर्ज किए गए हैं। 10 जिलों से 2 हजार 278 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि उनके पास कुल 8 हजार लोगों की लिस्ट है। बाल विवाह को लेकर नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट सामने आई थी। इसमें पता चला कि असम में मातृ-शिशु मृत्यु दर सबसे ज्यादा है। इसकी बड़ी वजह बाल विवाह को बताया गया। रिपोर्ट के मुताबिक बाल विवाह के सबसे ज्यादा 370 मामले असम के धुबरी जिले में दर्ज हुए।

वहीं, होजई में 255 और उदलगुरी में 235 केस, मोरीगांव में 224 और कोकराझार में 204 केस दर्ज किए गए हैं। दीमा हसाओ में 24, कछार में 35 और हैलाकांडी जिले में बाल विवाह का सिर्फ एक मामला दर्ज किया गया। ये रिपोर्ट सामने आने के बाद जनवरी 2023 में सरकार ने कैबिनेट बैठक में बाल विवाह के मामलों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने का फैसला किया था।

### तुर्किये और सीरिया: 16 हजार के पार हुई मृतकों की संख्या

**अंकारा:** तुर्किये और सीरिया में विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या 16 हजार से अधिक हो गई है। दोनों देशों में हजारों इमारतें धराशायी हो गईं। इन इमारतों में फंसे लोगों को कई देशों से पहुंची राहत बचाव टीम लगातार निकालने में जुटी हुई हैं। तुर्किये में 3 मीटर जमीन खिसकने के चलते नदियों की दिशा तक बदलने की आशंका हो गई है। भूकंप के बाद तुर्किये और सीरिया में सड़कों, इमारतों समेत कई हाइवे नष्ट हो गए। सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे देखने को मिल रहे हैं। कई बहुमंजिला इमारतों के ढह जाने के चलते अब मृतकों का आंकड़ा 16 हजार के पार पहुंच गई है।

### पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने को तेजी से कार्य कर रही सरकार

# उप्र में 53 लाख से ज्यादा वृद्ध पेंशनर्स का आधार प्रमाणित




**लखनऊ।** हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में जुटी योगी सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत आधार प्रमाणीकरण का काम एक साल से भी कम समय में कई गुना आगे बढ़ गया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि एक अप्रैल 2022 तक 6.50 लाख लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो सका था तो सीएम की सख्ती के बाद सात फरवरी 2023 तक आठ गुना बढ़कर 53.61 लाख पर पहुंच गया है। प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश का वंचित और असहाय तबका योगी सरकार की प्राथमिकता में है। सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ इन्हें दिया जा रहा है। सही व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे, इसके लिए सरकार ने आधार प्रमाणीकरण को अनिवार्य कर दिया है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए।

**जिलाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी:** उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2022 को सिर्फ 6.50 लाख लाभार्थियों का ही आधार प्रमाणीकरण किया गया था, जबकि एक अक्टूबर 2022 को यह आंकड़ा बढ़कर 39.88 लाख हो गया। इसके बाद चार माह में यह आंकड़ा 50 लाख का पार कर 53.61 लाख पहुंच गया है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में 9.31 लाख ऐसे लाभार्थी भी हैं जिनकी फैमिली आईडी उपलब्ध नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया है कि जिन लाभार्थियों की फैमिली आईडी नहीं है।

## नागपुर टेस्ट: भारत की मजबूत शुरूआत




**नागपुर:** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने पर 1 विकेट पर 77 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 56 रन बनाए, जबकि अश्विन बिना खाता खोले नाबाद हैं। भारत की तरफ से एकमात्र विकेट केएल राहुल का गिरा जो 20 रन बनाकर टॉड मर्फी का शिकार बने।

**ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 177 रनों पर सिमटी, जडेजा ने झटके 5 विकेट:** इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 177 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्नश लाबुशेन ने 49, स्टीव स्मिथ ने 37,एलेक्स कैरी ने 36 और पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 31 रन बनाए। भारत की तरफ से रवीन्द्र जडेजा ने 5 विकेट लिए।

इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप

### महिला को मारा पीटा गया प्रधान सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** नींव खोदवाने के विवाद को लेकर महिला को मार पीट कर निर्वस्त्र कर दिया गया। जब वह घर में भागी तो उसे दोबारा मारा पीटा गया ।जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने थाने में तहरीर दे कर ग्राम प्रधान सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि वह अपने जमीन पर नींव खोदवा रही थी। आरोप है कि ग्राम प्रधान कतिपय लोगों के साथ आ कर नींव गिरा कर कहे कि तुम रास्ते में बना रही हो ।महिला का आरोपी है कि उसके विरोध पर ग्राम प्रधान ने लोगों से कहा कि इस साली को मारो। आरोप है कि इतने में उसे जमकर पीटा गया और निर्वस्त्र कर दिया गया जब वह इज्जत बचा कर घर में भागी तो कतिपय लोग उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दिए। महिला का आरोप है कि उक्त घटना चार फरवरी को है । कई दिनों तक थाने का चक्कर काटने के बाद मऊआइमा पुलिस ने महिला की तहरीर पर ग्राम प्रधान राम सजीवन पुत्र भगौती प्रसाद ,शिव बहादुर पुत्र भाई लाल ,राजनाथ पुत्र माता प्रसाद ,विनोद कुमार पुत्र पुन्नवासी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# दो दिन से लापता बालक का शव तालाब में मिला, हत्या की जताई आशंका





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम सदरेपुर में 2 दिन से गायब बच्चे की आज तीसरे दिन लाश तालाब में मिली। लाश मिलने से गांव में हड़कंप मच गया, वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मंगलवार के दिन भानु प्रताप यादव का छोटा लड़का आर्यन उर्फ गोलू 4 अपने दरवाजे पर खेल रहा था जो अचानक गायब हो गया। परिजनों ने तत्काल बच्चे की खोजबीन करने लगे आसपास वह अगल-बगल ढूंढा जब बच्चा नहीं मिला तो परिजनों में शक जाहिर होने लगा कि अभी बच्चा दरवाजे पर खेल रहा था अचानक गायब हो गया। जबकि मां राजकुमारी ने शंका जाहिर किया कि गांव का ही व्यक्ति मेरे बच्चे को गायब कर दिया ।जिसकी सूचना हंडिया थाने पर दी गई तो हंडिया पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर परिजनों को अस्वस्थ किया लेकिन बच्चे के मां को संतुष्टि नहीं मिल रही थी वह बार-बार यही कह रही थी मेरे बच्चे को गांव के ही व्यक्ति ने ही गायब कर दिया। जब आज तीसरे दिन बच्चे की लाश मिली तो पूरा गांव एकत्रित हो गया इसकी सूचना हंडिया पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर लाश अपने कब्जे में लेना चाहा, परंतु परिजनों ने लाश को उठाने नहीं दे रहे थे लगभग 3 घंटे तक पुलिस व परिजनों की बातचीत होती रही। किसी तरह से एसीपी हंडिया ने समझा-बुझाकर बच्चे की लाश की पंचनामा कराकर पीएम के लिए प्रयागराज भेज दिया। पीड़ित परिजनों का कहना था कि मेरे साथ न्याय हो ऐसी हरकत करने वाले व्यक्ति को सजा मिले।



# कठौली गांव के समीप टोंस नदीमें दिखा मगरमच्छ

अखंड भारत संदेश

### लोगों ने बताया कि शायद धूप लेने निकला था बाहर

**मेजा रोड।** कठौली गांव के समीप टोंस नदी के किनारे एक मगरमच्छ मिलने से हड़कंप मच गया। मगरमच्छ देखे जाने से गांव के लोगों मे चचाएं होती रही। उक्त गांव के समाजसेवी योगेश शर्मा ने मगरमच्छ मिलने का संबंधित लोगों को अवगत कराया। मगरमच्छ मिलने से लोगों मे भय व्याप्त है। गांव के लोगों का मानना है कि मगरमच्छ किनारे धूप लेने निकला होगा और रेत मे बाहर ही रह गया।

# उरुवा में शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण पूर्ण

### शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाए : एआरपी

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** विकास खण्ड उरुवा के बीआरसी प्रशिक्षण सभागार में 6 फरवरी से बेसिक शिक्षा विभाग उ.प्र. तथा प्रथम संस्था द्वारा सँयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए प्रारम्भ हुए दो दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कक्षा चार व पांच के बच्चों को निपुण बनाने के लिए दूसरे बैच के शिक्षकों का कल विधिवत समापन हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रथम दिवस में भाषा तथा द्वितीय दिवस में गणित के रिमीडियल शिक्षण हेतु विभाग द्वारा प्रेषित 24 सप्ताह की कार्ययोजना पर विकास खण्ड के एआरपी द्वारा सभी 94 (73 प्राथमिक + 21 संविलियन) विद्यालयों के कक्षा चार व पांच में पढ़ाने वाले एक-एक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। दूसरे बैच में ब्लॉक के कुल 94 शिक्षकों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के उपरांत कक्षा चार व पांच के उन बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा,जिनका शैक्षिक स्तर कक्षा के अनुरूप नही है। प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य कक्षा चार एवं पांच के छात्रों में कोविड-19 के कारण भाषा एवं गणित विषय में उत्पन्न अधिगम रिक्तता को भरने हेतु अपेक्षित



प्रयासों को सुनियोजित तरीके से करने के तरीके बताना था। ताकि सभी बच्चे आधारभुत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त कर आगे बढ़ सकें। इस हेतु सर्वप्रमुख कार्य बच्चों को उनके स्तर के अनुसार सिखाने की जरूरत को महसूस करना और स्तर के अनुसार समुहिकारण कर रिमीडियल शिक्षण करने की विधा को बताना था। प्रशिक्षण सन्दर्भदाता,एआरपी सुनील शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षण लेने वाले सभी शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कक्षा में कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएंगे। सरकार बच्चों का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिए तरह-तरह के प्रशिक्षण दे रही है। वहीं एआरपी सन्दर्भदाता राजेश मिश्रा ने कहा कि शिक्षक मनोयोग से समयावधि में दक्षताएं पूर्ण करने, कौशल विकसित करने एवं गुणवत्ता लाने के लिए कार्यशील रहें। विभाग द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चों को मजबूत करना विभाग का प्रमुख लक्ष्य है। इसलिए प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन अवधारणा के विषय बिंदुओं के प्रति शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में शिक्षकों ने बच्चों को एक्टिविटी के माध्यम से पढ़ाने के लिए शैक्षिक चार्ट भी बनाए और समूह बनाकर उसका प्रस्तुतीकरण भी किया। सभी प्रशिक्षकों ने 24 सप्ताह की कार्ययोजना केवल विस्तृत रूप से प्रतिभागियों को बताया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन पहुँचे प्राथमिक शिक्षक संघ उरुवा के अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रतिभागी शिक्षकों ने पूर्ण मनोयोग से न केवल प्रशिक्षण प्राप्त किया बल्कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने सीखे गए ज्ञान की प्रस्तुति भी बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत की है। उक्त अवसर पर प्रथम संस्था से सहयोग हेतु शैलेश यादव, बीआरसी उरुवा प्रभारी रोहित त्रिपाठी, ब्लॉक के एआरपी सन्दर्भदाता प्रीतम दास, विमलेश यादव, अजीत मिश्रा, अल्का शुक्ला, ममता द्विवेदी, बृजेश यादव, चेतना तिवारी, आशीष पांडेय, रुकमणी पांडेय, अशोक कुमार, हरिकेश त्रिपाठी, सुषमा शुक्ला, शादमा, शिवाकांत सिंह, अतुलिका रॉय, रुचि पुरवार, शुभम तिवारी, प्रेम नारायण, इंदु सिंह, पंकज अग्रवाल, स्वाती तिवारी व संतोष कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# अंतिम संस्कार हेतु गरीब असहायों की सेवा के लिए निशुल्क बैकुंठ रथ

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** कुमकुम देवी अविस्मरणीय सेवा संस्थान मधईपुर आरएमएस ने क्षेत्र के गरीब असहायों की सेवा के लिए 8 फरवरी से निशुल्क बैकुंठ रथ उपलब्ध कराया है।आरएमएस व्यवसायी क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाज सेवी रवींद्रनाथ मिश्र ने कहा कि हृदय में सनातन धर्म सेवा की भावना से उठे उदगार से 6 फरवरी को नई इको रथ खरीद कर उसे बैकुंठ रथ बना दिया है।जिस किसी सनातनधर्मी भाई को इस रथ की आवश्यकता होगी उनके लिए यह वाहन 8 फरवरी से निःशुल्क उपलब्ध रहेगा।फिर चाहे वे किसी भी घाट पर अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर जा सकते हैं।श्री मिश्र की इस भावना की सराहना करते हुए समाजसेवी व भाजपा के राष्ट्रीय




कार्यकारिणी सदस्य रामलोलारख सिंह ओला ने कहा कि समाज में पैसे वालों की कमी नहीं है किंतु सेवा की भावना किसी विरले में ही जन्म लेती है।उन्होंने रविन्द्र मिश्र की प्रशंसा करते हुए और लोगों को भी समाज सेवा के लिए आगे आने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर बच्चन मिश्रा प्रधान, नागेंद्र प्रताप सिंह, बीएन तिवारी, जय प्रकाश पाठक, शीतला पाठक, श्रीकांत दुबे, रोहित तिवारी, विनय सिंह, गुलाब जायसवाल, मनोज जायसवाल, पूर्व प्रधान राजेश जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कोटेदार से त्रस्त पात्र ग्रामीणों ने रोड पर लगाया जाम

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों क्षेत्र के हसनपुर कोरारी ग्राम सभा के पात्र राशन कार्ड धारक ग्रामीण कई माह से सरकारी राशन नहीं मिलने पर सड़क पर आवागमन को जाम कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थरवई पुलिस ने जाम को समाप्त कराया। खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक मामले की जांच कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कोटेदार भोला नाथ अंगूठा लगवा कर रजिस्टर पर हस्ताक्षर करा लेता है परंतु राशन नहीं देता है। कोटेदार द्वारा कई माह से खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जा रहा है। मामले से नाराज ग्रामीण गुरुवार को सुबह 10 बजे गांव के सामने गारापुर- सिकंदरा मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। आवागमन ठप होने से वहां पर अफरातफरी मच गया। ग्रामीणों द्वारा रोड जाम कर देने की जानकारी मिलते ही प्रभारी



निरीक्षक थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी, खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी व ग्राम प्रधान प्रेमचंद भारतीया मौके पर पहुंच गए। किसी तरह से ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराते हुए चक्का जाम खुलवाया गया तत्पश्चात राहगीरों के लिए आवागमन सुचारू रूप से चालू हुआ। मामले में खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। अंततः ऐसी समस्या से क्षेत्र के कई गांव की जनता कोटेदारों से परेशान है कहीं घटतौली का शिकार कार्ड धारक हो रहा है तो कहीं पैसा अधिक लेने का तो कहीं अंगूठा लगवा कर राशन ही गायब कर दिया जा रहा है। परंतु अधिकारियों की मिलीभगत से कोटेदार मौज कर रहे हैं और पात्र राशन कार्ड धारक ग्रामीण समस्या से हलाकान परेशान हो रहे हैं।

### हिन्दू समाज को संगठित कर अपनी विचारधारा को जन-जन तक पहुचाना लक्ष्य : आलोक

#### शंकरगढ प्रवास के दौरान विचार परिवार संग बैठक मे हिन्दू नव-वर्ष पर पथ-संचलन की बनी योजना

**शंकरगढ।** बिना भेदभाव किए घर-घर तक संघ का कार्य पहुंचाने के साथ शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र की सत्ता, हिंदू समाज और संगठन को लेकर यमुनापार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक का प्रवास व विचार परिवार संग चर्चा कर चैत्र मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को पथ संचलन की योजना बनी। जिला प्रचारक यमुनापार आलोक जी संघ परिवार के लक्ष्य और योजनाओं को लेकर शंकरगढ़ के रामलखन नगर में विचार परिवार के कार्यकताओं संग प्रवास के दौरान बैठक कर आने वाले शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र, हिंदू समाज और संगठन व हिन्दू नव-वर्ष की चर्चा कर योजनाएं बनाई। योजना में गांव गांव संघ की शाखा लगे,साथ ही समाज के लोगों में जागरूकता आए और भारत को परम वैभव तक पहुंचाने के साथ राष्ट्र भक्त कार्यकताओं के निर्माण व संगठन विस्तार देने पर उनका सारा जोर रहा। 2 मार्च को हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में शंकरगढ़ नगर मे पथ संचलन की योजना बनी। बैठक में आरएसएस यमुनापार बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मुकेश जी, खण्ड प्रचारक आशुतोष जी,सह खण्ड कार्यवाह शैलेन्द्र जी,विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा प्रमुख विजय शंकर पांडेय,भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल,अंजनी लाल,जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,जिला आईटी प्रमुख सतीश विश्वकर्मा आदि के साथ जिम्मेदार विचार परिवार के लोगो संग बैठक हुई। वही दूसरी बैठक शंकरगढ खण्ड के गाढा-कटरा ग्राम पंचायत मे विजय बहादुर सिंह के आवास में आयोजित हुई जिसमे सैकडो.कार्यकर्ता रहे।

# आधा दर्जन मवेशियों से लदा वाहन पलटा, सभी मवेशियों की मौत

### मवेशियों को घटना स्थल के पास ही पुलिस ने दफन करवाया, प्रतापगढ़ जनपद की ओर से मवेशियों को लाद कर आ रहे थे गौ तशकर






अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** आधा दर्जन मवेशियों को पिकअप पर लाद कर प्रयागराज की ओर जा रहे गौ तस्करों का वाहन पलट जाने से सभी पशुओं की मौत हो गई। उक्त घटना बीती रात की है। पुलिस सुबह पहुंच कर पिकअप को क्रेन से सीधा करा कर सभी पशुओं को जमीन में गडवा दी। तथा आरोपी फरार हो गए। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपुर नहर से सटी सडक पर प्रतापगढ़ की ओर से आ रही एक पिकअप जिसपर आधा दर्जन सांड लदे थे। पिकअप पलट गई। जिसमें दब कर सभी सांड की मौत हो गई। पिकअप चालक और उसके साथी पिकअप छोड कर भाग गए। गुरूवार को सुबह ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर इंस्पेक्टर सुरेश सिंह हमराही पुलिसकर्मियों और सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार पहुंच गए। क्रेन मंगवा कर पिकअप को सीध करा कर सभी मरे हुए मवेशियों को गड्ढा खोदवाकर दफनवा दिए। पुलिस ने पिकअप को थाने में खडी करा कर अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लग गयी है। बताते हैं कि पिकअप मवेशी लाद कर प्रतापगढ़ जिले से आ रही थी और मऊआइमा के जोगीपुर नहर सडक पर पलट गई। पुलिस ने मवेशियों को दफनवा कर अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# असवां गांव में अंडर पास रास्ते के लिए किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** जंघई प्रयागराज रेलवे रुट पर स्थित असवा गाँव के निवासियों ने अंडर पास रास्ते के निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि पहले लोग इस तरफ से उस तरफ आ जा पा रहे थे रेलवे के विस्तारीकरण के कारण लोगो को गांव के इस छोर से उस छोर के बीसों किमी का चक्कर लगाना पड़ता है। जंघई -प्रयागराज रेलवे रुट असवां गांव के बीचों बीच सैकड़ों वर्ष से गया हुआ है। पहले लोग इधर से उधर हो लेते थे लेकिन जब से जंघई रेलवे के सौन्दर्यीकरण व विस्तारिकरण शुरू हुआ है यार्ड बनने के कारण 20 सी फाटक तक जाने का रास्ता बंद हो गया है जिससे लोगो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है गांव के इस छोर से उस छोर जाने के लिए लोगों को बीस किमी चक्कर लगाना पड़ता है। यहां तक इस रास्ते से गरियांव, सरायखेम, चीतापुर, करकोली, अहमदपुर, मुड़ाव, महेन्द्रु, करौर, टिकरा, जमुनीपुर, नडार, काछीडिह गांव के लोग भी इस रास्ते से आते जाते हैं लेकिन



रास्ता बंद होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लोगो ने प्रदर्शन करते हुए मांग की है कि 20 सी फाटक को या तो स्थान्तरित कर दिया जाय या अंडर पास रास्ता बनाया जाय। लोगों का कहना है कि हम लोग कई बार स्थानीय सांसद के माध्यम से रेल मंत्री से मांग कर चुके है लेकिन अंडर पास रास्ता एवं रेलवे फाटक नही बन सका है जो कि आवागमन हेतु बहुत जरुरी है ।प्रदर्शन करने वालों में कृष्ण कुमार मिश्रा बाबा मिश्रा, विनय कुमार मिश्रा मुन्ना कबिसा, विजय शंकर मिश्रा, रतन मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा पूर्व प्रधान, प्रमोद मिश्रा, कल्लू गौतम, पप्पू गौतम, अरविन्द कुमार मिश्र, अशोक कुमार मिश्र, पारस मिश्रा, कृष्ण कुमार यादव, राजकुमार यादव, हरिनाथ, पंकज पांडेय, श्याम यादव, महेंद्र कुमार आदि लोग शामिल रहे।

### शांतिभंग की आशंका में चार का चालान

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चार लोगों का चालान किया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाने की अलग-अलग टीमों ने चार लोगों का शांतिभंग की धारा में चालान किया है। सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह, ऋतुराज सिंह और दरोगा अश्विनी कुमार वर्मा ने सर्वेश सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह (निवासी रानीगंज, पगुआर), नरेंद्र सिंह पुत्र गुलाब सिंह (रानीगंज, पगुआर), शिवशंकर सिंह उर्फ छोटू पुत्र स्व. चंद्रपाल (डांडी, कपरौड़ा) और गजराज सिंह पुत्र मूड़ी (निवासी गोरखा, शंकरगढ़) का धारा 151, 107, 116 के तहत चालान भेजा है।

# राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा खास में विषय सेमेस्टर परीक्षा शुरू

**मेजा।** राजकीय महिला पॉलीटेक्निक मेजा में प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ द्वारा संचालित विषय सेमेस्टर परीक्षा फरवरी 2022 बीते 6 फरवरी से नकल विहीन, शान्तिपूर्ण माहौल में सुचारू रूप से करायी जा रही है। इस परीक्षा केन्द्र पर राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा के अतिरिक्त अन्य दो पालीटेक्निक संस्थाओं शिवाजी इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी मैनेजमेंट, करछना, प्रयागराज एवं लाल बहादुर शास्त्री पॉलीटेक्निक माण्डा, प्रयागराज की परीक्षाएं भी संचालित करायी जा रही है। परीक्षा केन्द्र पर तीनों संस्थाओं के कुल 771 परीक्षार्थी पजीकृत है। परीक्षा केन्द्र पर कुल 9 कमरों में परीक्षा संचालित करायी जा रही है। प्रातः पाली में कुल 422 पंजीकृम परीक्षार्थी में से 42 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा छोड़ने वाले परीक्षार्थियों में 40 परीक्षार्थी निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं के एंव 2 परीक्षार्थी इस संस्थान की है। संस्थान के प्रधानाचार्य तथा केन्द्र अधीक्षक शैलेन्द्र विक्रम ने बताया कि पूरी परीक्षा, सचिव प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ के निदेशानुसार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नकल विहीन, शान्तिपूर्ण माहौल में सुचारू रूप से सम्पन्न करायी जा रही है। जिसमें इस संस्था के समस्त स्टाफ के अतिरिक्त लाल बहादुर शास्त्री पालीटेक्निक माण्डा, प्रयागराज के स्टाफ भी पूरा योगदान दे रहे है।

### नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराना प्राथमिकता-शैलेन्द्र विक्रम



## धोखाधड़ी करके खाता से पैसा निकालने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही के मामले में नवाबगंज उपनिरी0 दीपक कुमार अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के चैरई बाईपास के पास से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 17/23 धारा 420 भादिव में प्रकाश में आये दो मोटर साइकिल सवार वांछित अभियुक्त मनीष कुमार सोनकर पुत्र गेंदालाल निवासी बभनपुर मानिकपुर व पंकज कुमार मौर्या पुत्र कड़ेदीन मौर्या निवासी काछी पट्टी नगर पंचायत मानिकपुर को अभियोग से संबंधित 30 हजार रुपये नगदी बरामद के साथ गिरफ्तार किया और मोटर साइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज करके दोनों अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया। बता दे कि उक्त अभियुक्तो ने थाना क्षेत्र के बरमौली के पासिन का पुरवा निवासी कांती अर्चना व सपना के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से घर पर आकर 31 जनवरी 23 को आधारकार्ड को श्रमकार्ड से लिंक करने के नाम पर धोखाधड़ी करके फिंगर मशीन पर अंगूठा लगवाकर तीनों के खाते से 10-10 हजार रुपया निकाल लिया जिसकी तहरीर पीड़ित महिलाओं ने पुलिस को दिया जिसमें दोनों अभियुक्तो

# सनकी पति ने पत्नी को बांका से गला काटकर की हत्या

## पति ने खुद के हाथ का नस काटकर किया आत्म हत्या का प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** अपने एक बेटे के नाम जमीन का बैनामा व ई रिक्शा का बाकी पैसा देने के लिए पत्नी से नाराज पति ने अपनी पत्नी को रात को सोते समय गला काटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की खबर लगते ही क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।

मालूम हो कि जनपद के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के किंधौली गाव निवासी आभा उर्फ सावित्री मिश्रा पत्नी बिनोद कुमार मिश्रा (50) वर्षीय के दो बेटे दीपेंद्र मिश्रा (25) व अरविंद मिश्रा (22) है। पत्नी आभा उर्फ सावित्री के पिता घनश्याम तिवारी व माता द्रोपदी ने अपने बड़े नाती दीपेंद्र के नाम पिछले साल जुलाई 22 में ढाई बीघे जमीन का बैनामा कर दिया था जिससे बिनोद नाराज हो गया कि दूसरे बेटे अरविंद के नाम भी थोड़ी जमीन का बैनामा कर देते अकेले विपिन के नाम ढाई


महिला की हत्या के बाद छानबीन करती पुलिस।

बीघा जमीन का बैनामा क्यों कर दिया? इसी बात को लेकर दोनों पति पत्नी में अक्सर विवाद होता रहा जिससे पति अक्सर खाना पीना ठीक से नही खाता था।

बताते है कि बिनोद को ससुराल की गद्दी मिली थी जो रक्षा बंधन पर घर आ गया था और ई रिक्शा खरीदकर परिवार का खर्च चलाता था जिसका 18 हजार बकाया देने के लिये भी रोज पति पत्नी दोनो में कहासुनी होती थी। रोज रोज की कहा सुनी से तंग आकर पति से नाराज आभा उर्फ सावित्री अपने मायके जाकर रहने लगी। अचानक बुधवार को बिनोद भी ससुराल पहुँच गया, जहां दोनो पति पत्नी खाना खा पीकर रात में कमरे में सोने चले गये और आभा के माता पिता दूसरे मकान में सोने चले गये गुरुवार की सुबह जब दोनो नही उठे तो किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए आभा के माता पिता अपने बेटी व दामाद को जगाने पहुँचे तो बिस्तर पर दोनो को खून से लथपथ देख शोर मचाने लगे। मौके पर पँहुचे लोगो ने अंदर का नजारा देख हस्त प्रभ रह गए। पत्नी आभा मरणासन्न हालत में बिस्तर पर पड़ी रही जिसके गले में धारदार हथियार के चोट से खून बह रहा था उधर पति बिनोद कुमार मिश्रा अपने हाथ की नस काटकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा था जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया।

इस दर्दनाक घटना को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही संग्रामगढ़ प्रभारी सत्येन्द्र राय दल बल के साथ मौके पर पहुचे और मामले की जानकारी सीओ लालगंज रामसुरत सोनकर को दी। मौके पर पँहुचे सी ओ लालगंज ने गम्भीर रूप से घायल बिनोद मिश्रा को उपचार के सीएचसी संग्रामगढ़ भेजा जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया।


धंसी सड़क को गिट्टी डालकर दुरुस्त करते नपा कर्मचारी।

## अधिक भार के वाहनों से क्षतिग्रस्त हो रही शहर की सड़कें

### मेडिकल कालेज के अस्पताल के सामने धंसी सड़क को नपा ने किया दुरुस्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय मेडिकल कालेज के जिला अस्पताल के सामने मोरंग से एक लदी ट्रक के धंस जाने से भयंकर दुर्घटना होते होते बची लेकिन ट्रक के फंसने से घंटों चैक-कचहरी मार्ग बाधित रहा। मुख्य मार्ग पर सड़क धंसी होने के कारण पुलिस ने ट्रक का मोरंग खाली कराकर क्रेन से उठाकर ट्रक को सड़क पर लाया लेकिन लगभग तीन मीटर सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसे बनाने में लगभग 24 घंटे लग गये।

नगर पालिका ने गुरुवार को सड़क का पुनर्निर्माण किया। इस बारे में नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील ने बताया कि भारी वाहनों के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इन दिनों मेडिकल कालेज के अस्पताल के निर्माण में भी बड़ी संख्या में मोरंग, सीमेंट, गिट्टी लादकर ट्रकों का आना-जाना लगा रहता है। निर्धारित मात्रा से अधिक ओवरलोडेड ट्रकों से सड़कें धंस रही हैं। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि लगभग तीस मीटर लम्बाई की सड़क क्षतिग्रस्त हुई थी जिसे नगर पालिका ने अपने संसाधनों से ठीक कर दिया है। उन्होंने भी कहा कि यदि भारी वाहनों पर रोक न लगी तो सड़कें इसी तरह से क्षतिग्रस्त होती रहेंगी।

# आजीवन उपलब्धि सम्मान से नवाजे गए डा0 दयाराम मौर्य रत्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शाक्य प्रकाशन मैनपुरी द्वारा प्रतापगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न को उनके समग्र साहित्य प्रदेयों के लिए तथा वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम को उनके उल्लेखनीय कथा लेखन के लिए शाक्य प्रकाशन मैनपुरी के संचालक डॉ० हरिश्चन्द्र शाक्य ने विशिष्ट सम्मानों से नवाजा।

डॉक्टर दयाराम मौर्य रत्न को रेशम देवी आजीवन उपलब्धि सम्मान (लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड) तथा प्रेम कुमार त्रिपाठी को रेशम देवी स्मृति कथा सम्राट सम्मान प्रदान किया गया। उसके उपलक्ष्य में बेल्हा के प्रबुद्धजनों

## प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम को मिला कथा सम्राट सम्मान



डा0 दयाराम मौर्य को सम्मानित करते अतिथिगण।

ने दोनों का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि डॉ० दयाराम मौर्य रत्न एवं प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम को मिले सम्मानों ने राष्ट्रीय फलक पर बेल्हा के साहित्य व साहित्यकारों का नाम अंकित कराया है। यह जनपद के लिए बेहद गर्व की बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा ने कहा कि सम्मान उत्कृष्टता का प्रतीक होता है।डॉ० दयाराम मौर्य रत्न एवं प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम के राष्ट्रीय स्तर का सम्मान उनकी साहित्यिक उत्कृष्टता का साक्षात प्रमाण है। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथद मौर्य सरस, सुनील कुमार सिंह, अमरनाथ गुप्ता बेजोड़ आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने दोनों साहित्यकारों को उत्कृष्ट साहित्य लेखन हेतु मिले राष्ट्रीय सम्मानों हेतु बधाई प्रेषित की।

## डीडीआर ने रामराज इंटर कॉलेज का किया औचक निरीक्षण


**पट्टी, प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर आज बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजे प्रतापगढ़ जिले के बोर्ड परीक्षा के नोडल अधिकारी व वरिष्ठ विशेषज्ञ राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ राजेंद्र प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र को निर्देश दिए जिससे यूपी बोर्ड की परीक्षा सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन तरीके से संपन्न कराई जा सके निरीक्षण के दौरान लाइजनिंग अफसर डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बरहदा, डॉ मोहम्मद अली शिक्षक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ व डॉ शालिकराम प्रजापति राजकीय इंटर कॉलेज इमली डांड़ प्रतापगढ़ मौजूद रहे।

# अत्याचारियों के विनाश के लिए प्रभु ने लिया था जन्मः आचार्य अज्ञेश महराज

**अर्जुनपुर में हुआ भगवान श्रीकृष्ण का जन्म, श्रीमद्भागवत में जमा हो रही है श्रद्धालुओं की भीड़**

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन प्रभु का जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। इस दौरान चित्रकूट से पधारे कथा व्यास आचार्य यज्ञेश जी ने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण का बाल्य रूप बहुत ही सुंदर दिखाई देता है। श्यामवर्ण में प्रभु का रूप अति सुंदर व मन को मोह लेने वाला दिखाई दे रहा है। प्रभु के इस अद्भुत लीला का रस पान करने के लिए साक्षात देवी-देवता भी लालायित रहते है। श्रीकृष्ण के बाल्य रूप की सुंदरता की कोई सीमा नहीं है। कथा के मुख्य यजमान देवी बक्श सिंह व पत्नी राजकुमारी सिंह ने भगवान की


श्रीमद् भागवत कथा कहते आचार्य अज्ञेष महराज।

आरती की। उसके बाद आचार्य व बड़ों का आशीर्वाद लिया।संयोजक राजेश सिंह पप्पन ने कथा में आए हुए श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर जगदीश सिंह, पूर्व प्रमुख रमेश सिंह, गुदून मिश्र, शिवदर्शन सिंह, केशव दत्त पाण्डेय, पन्ना पाण्डेय, प्रमोद सिंह, आचार्य उमेश पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, अनिल सिंह, कमल सिंह, रिंकू सिंह समेत सैकड़ों भक्तों ने भगवान के बाल्य रूप के प्रसंग का आनंद लिया।

## कक्षा-6 में प्रवेश हेतु अब 15 फरवरी तक करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संत सिंह ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 में प्रवेश परीक्षा सत्र 2023-24 हेतु आनलाइन आवेदन की तिथि 15 फरवरी 2023 तक बढ़ा दी गयी है, पहले यह तिथि 08 फरवरी 2023 तक निर्धारित थी। उन्होने बताया है कि वर्तमान सत्र में कक्षा 5 में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें जिनका जन्म 01.05.2011 से 30.04.2013 के बीच जन्म हुआ हो (दोनो दिवस शामिल) के बीच हुआ हो आनलाइन आवेदन कर सकते है। परीक्षा की तिथि 29 अप्रैल 2023 निर्धारित की गयी है। उन्होने यह भी बताया है कि आनलाइन संशोधन खिड़की 16 और 17 फरवरी 2023 को खोली जायेगी। कक्षा-6 जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2023 के लिये पंजीकृत उम्मीदवारों के आंकड़ों में केवल लिंग (पुरूष/महिला), श्रेणी (सामान्य/ओबीसी/एससी/एसटी), क्षेत्र (ग्रामीण/शहरी), विकलांगता और परीक्षा के माध्यम में संशोधन की अनुमति दी जाती हैं। आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

## पुलिस की जांच में झूठी निकली लूट की सूचना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस बुधवार की शाम लूट की मिली झूठी सूचना को लेकर घंटो हलाकान हुई। पुलिस की जांच मे मामला झूठा निकला। लालगंज कोतवाली के मनीपुर गांव की एक महिला ने बैंक से ऋण लेने के लिए एक एजेण्ट से बातचीत किया।

प्राइवेट कंपनी से ऋण दिलाने को लेकर एजेण्ट ने कमीशन व कागजात तैयार करने के लिए पैसे की मांग रखी। इस पर महिला बुधवार शाम करीब सात बजे एजेण्ट के साथ लालगंज कस्बा पहुंची और एटीएम से साढ़े चार हजार रुपए निकालकर उसे दिया। इसी बीच ऋण प्राप्त करने को लेकर एजेण्ट के कमीशन की बात पर दोनों मे कुछ नोंकझोंक हो गयी। एजेण्ट के चले जाने के बाद महिला ने फोन करके पुलिस को एजेण्ट द्वारा एक लाख रुपए लूटकर भाग जाने की सूचना दी। जानकारी होते ही हरकत मे आयी पुलिस एजेण्ट व महिला को कोतवाली ले आयी। यहां पूछताछ मे मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने कडाई से छानबीन किया तो लूट की झूठी सूचना उजागर हो गयी। दरोगा अनीस यादव ने बताया कि महिला ने रंजिश के चलते लूट की झूठी सूचना दी थी। जिस पैसे के लूट की वह बात कर रही थी वह उसके ही घर मे रखा मिला। मामले मे महिला को समझाकर घर भेज दिया गया।

## कम्पोजिट विद्यालय में हुए गबन का मामला पहुँचा सीएम के दरबार में

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाकांकर के एक कम्पोजिट विद्यालय के विद्यालय प्रबन्ध समिति के बिना बैठक के अध्यक्ष का चुनाव व स्कूल की रँगाई, पोताई व मेंटिनेंस में बिना काम कराये खाता से पैसा का आहरण कर लेने का मामला मुख्यमंत्री के दरबार पहुच गया जिसमें ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री को 19 दिसम्बर 22 को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि स्कूल के प्रधानाचार्य व खंड शिक्षा अधिकारी गुप चुप तरीके से विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष का चुनाव बिना अवगत कराएं कर लिया और स्कूल की रँगाई पोताई व मेंटिनेंस नहीं कराया।

## राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव का आज लखनऊ से प्रयागराज जाते समय नवाबगंज चैराहा पर रुक कर कार्यकताओं मिल कर कुशल क्षेम पूछा। कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लादकर किया जोरदार स्वागत किया।

समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, शिवपाल सिंह यादव जिन्दाबाद अखिलेश यादव जिन्दाबाद के खूब नारा लगाया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से छविनाथ यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, अब्दुल कादिर जिलानी


शिवपाल सिंह यादव का स्वागत करते सपाई।

जिला महासचिव शमीम अहमद पूर्व ब्लाक प्रमुख मोबीन खां जिला कार्यकारिणी सदस्य कामता प्रसाद यादव रमेश यादव विधानसभा अध्यक्ष बाबागंज केशव यादव सत्यनारायण यादव ऋषभ शुक्ला आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक मुकदमें के वांछित युवक को गिरफ्तार कर गुरूवार को न्यायालय भेज दिया। दरोगा अनीस यादव गुरूवार सुबह हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर कोतवाली के उधरनपुर गांव में दबिश दी गयी। दरोगा ने बताया कि बैंक चेक बाउन्स के मुकदमे के वांछित उधरनपुर निवासी नागेन्द्र बहादुर सिंह के पुत्र शिवेन्द्र सिंह को उनके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित को न्यायालय भेज दिया गया है।

## आशा बहुओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर सीएचसी में गुरूवार को भी आशा बहुओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सांगीपुर सीएचसी अधीक्षक डा. आनन्द तिवारी ने आशा बहुओ तथा आंगनबाडी कार्यकत्रियों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण व बचाव से जुडी जानकारियां बतायी। उन्होंने कई बीमारियों प्राथमिक घरेलू उपचार भी सुझाये। अधीक्षक ने आशा बहुओ को गर्भवती महिलाओं की देखभाल, टीकाकरण, गभर्वती महिलाओं की समय समय पर जांच, बच्चों के टीकाकरण के साथ ही परिवार नियोजन को लेकर विस्तार से जानकारियां दिया। इस मौके पर आशीष पाण्डेय, बीसीपीएम बाल मुकुन्द मिश्र, मो. उमर, अशोक रावत, अजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## चार के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गालीगलौज व मारपीट, जानलेवा धमकी को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खलहिया पूरे तिलकराम गांव के अमरपाल की पत्नी सुमित्रा देवी के अनुसार बीते इक्कीस जनवरी को सुबह रंजिश को लेकर धधुआ गाजन पूरे हिमांचल गांव के सोमनाथ अपनी पत्नी तिलहिन पुत्र पिंटू तथा गजाधर सरोज के पुत्र हरीशचंद्र के साथ उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीडिता के मना करने पर आरोपियो ने उसे जमकर मारापीटा ।

# सांसद खेल स्पर्धा की सभी तैयारियां पूर्ण

## खेल मैदान खिलाड़ियों की अगवानी के लिए तैयार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के अंतर्गत सांसद खेल स्पर्धा का शुभारंभ शुक्रवार को होगा। सांसद संगम लाल गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के अंतर्गत सांसद खेल स्पर्धा का चार दिवसीय खेल अभियान का सभी 13 ब्लॉकों में शुभारंभ 10 फरवरी को पूर्वाहन होगा। खेल स्पर्धा के सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है सभी खेल मैदान खिलाड़ियों के लिए तैयार है।

सभी ब्लॉकों को खेल संबंधी सभी आवश्यक सामग्री की पूर्व ही सभी प्रभारी को वितरित की जा चुकी है। सभी खेल मैदानों में समुचित सफाई व पेयजल आदि से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं संबंधित विभागों के अधिकारियों से अनुरोध किया जा चुका है। सांसद आज अपने कार्यालय में आयोजन समिति के पदाधिकारियों व संबंधित अधिकारियों के साथ सांसद खेल स्पर्धा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

सांसद श्री गुप्ता ने बताया कि नगरी क्षेत्र एवं सदर ब्लॉक संबंधी खेल स्पर्धा का आयोजन संगम इंटरनेशनल स्कूल कटरा मेदनीगंज के प्रांगण में आयोजित हो रहा है। जिसका शुभारंभ स्वयं के द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा बाबा बेलखरनाथ धाम, आसपुर देवसरा, गौरा, पट्टी, आदि ब्लॉकों का भ्रमण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, अध्यक्ष दिनेश गुप्ता संगम यूथ फाउंडेशन सांडवा चंदिका, जीत लाल पटेल व अध्यक्ष श्री दिनेश गुप्ता संगम यूथ फाउंडेशन मान्धाता, मंगरौरा विधायक श्री राजेंद्र मौर्य, ब्लॉक राजीव प्रताप सिंह, दिनेश गुप्ता संगम फाउंडेशन लक्ष्मणपुर ब्लॉक में दिनेश गुप्ता द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। सांसद जी ने बताया खेल स्पर्धा हेतु निर्णायक मंडल ब्लाक वार निरीक्षण किया गया जो मौके पर खेल मैदान में उपस्थित रहकर खेल विजेताओं का उत्साहवर्धन किया जाएगा। बैठक में आयोजन समिति के सादस्य अध्यक्ष संगम यूथ फाउंडेशन श्री दिनेश गुप्ता, उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन समर बहादुर सिंह, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडे व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जेईई मेन परीक्षा में प्रियांक यादव ने परचम लहराया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर एमएमपीजी कालेज कालाकांकर के प्रो0 रामकरन यादव के बेटे प्रियांक यादव जो ऊँचाहार के चिन्मयानंद स्कूल में इंटर फाइनल की शिक्षा ग्रहण कर रहा है। 6 फरवरी 23 को आये जेईई मेन परीक्षा परिणाम में 92 प्रतिशत अंक से क्वालीफाई किया है परिणाम आते ही घर के परिजन खुशी से गद गद हो गये। प्रियंका इस सफलता का श्रेय अपने माता


प्रियांक यादव।

पिता व चाचा रामबदन को बताया और कहा कि आगे चलकर आईएएस बनने के लिए तैयारी करेंगे जिससे जनपद के साथ गाँव का नाम रोशन हो।

# अमृत की राह में बड़ा रोड़ा है भ्रष्टाचार

## संपादकीय

### योगी का आर्थिक मैनेजमेंट

**पिछले** कुछ दिनों से डिजिटल और सोशल मीडिया पर यूपी गोज ग्लोबल, योगीनॉमिक्स, इन्वेस्टर फ्रेंडली यूपी, योगी डिजिटाइजेज यूपी, उपयोगी फॉर इकोनॉमी, विजनरी योगी जैसे शब्दों की चर्चा खूब रही। इन्हें देखकर सवाल उठना लाजिमी है कि जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बताया जाता था, अब उसी उत्तर प्रदेश के आर्थिक उत्थान की बात होने लगी और तो और विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज अब उसी की सराहना कर रहे हैं। वर्ल्ड बैंक और यूपीडैस ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए हैं, वह भी उत्तर प्रदेश की इकोनॉमिक ग्रोथ को विश्व की विकास दर 5% से अधिक 8% बताए हैं। यानी यूपी का ग्रोथ रेट विश्व के कई देशों की विकास दर से ज्यादा है। एक संस्था की ओर से कराए गए मूड ऑफ दि नेशन सर्वे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 39.1 फीसदी लोगों ने बेस्ट चीफ मिनिस्टर माना है। जबकि इस मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल दूसरे और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी तीसरे नंबर पर हैं। यानी सीएम योगी के कार्यों को लोग पसंद कर रहे हैं। वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने, तो किसी को यह आभास नहीं था कि उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास दर में विश्व के कई देशों को पछाड़ देगा। प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद सीएम योगी दूरदर्शी रणनीति के साथ आगे बढ़े। अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस, विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना और निवेश फ्रैंडली नीतियों के साथ जब वर्ष 2018 में इन्वेस्टर्स समिट की घोषणा हुई, तब भी विपक्ष सवाल खड़े कर रहा था और आज भी कर रहा है, लेकिन उत्तर प्रदेश की तरक्की में यह इन्वेस्टर्स समिट मील का पत्थर साबित हुआ और 4.68 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए। इतना ही नहीं, सीएम योगी का दावा है कि चार लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। यानी उनमें उत्पादन शुरू हो चुका है या होने वाला है। सीएम योगी ने अपने पहले कार्यकाल में ही यह घोषणा कर दी थी कि वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 (यूपीजीआईएस-23) किया जाएगा और अब यूपीजीआईएस-23 लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक होने वाला है। इससे पहले टीम यूपी ने 16 देशों में 22 रोड शो और भारत में भी करीब एक दर्जन प्रमुख महानगरों में रोड शो किए हैं। भारत के प्रमुख शहरों और प्रदेश में जिले स्तर पर हो रहे निवेशक सम्मेलनों में करीब 21 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जबकि अभी यूपीजीआईएस-23 होना शेष है। अभी तक देश में किसी भी राज्य में इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 21 लाख करोड़ रुपए का निवेश नहीं आया है। इसीलिए यह उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के लिए बहुत बड़ी बात है। दरअसल, सीएम योगी के आर्थिक मैनेजमेंट का 2017 से 2022 तक पांच वर्षों का कार्यकाल ट्रेलर था। इसके लिए सीएम योगी के विभिन्न प्रयासों से उत्तर प्रदेश, देश-दुनिया में अपनी छवि बदलने में सफल हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम के तहत जीरो ह्यूमन इंटरफरेंस सहित 40 विभागों में करीब दो हजार से अधिक सुधारों को लागू किया गया। जिस कारण ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश आज अचीवर स्टेट बन गया है। साथ ही मजबूत आधारभूत संरचना की नींव रखी गई।

### चमचों को देखिये तो पतीली से गर्म हैं

**निर्मल रानी**

**देश में** इन दिनों गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित राम चरित मानस को लेकर बड़ा विवाद छिड़ा हुआ है। जहां देश का बहुसंख्य हिन्दू समाज रामचरितमानस को अपना सम्मानित धर्मग्रंथ मानता है वहीं इसी बहुसंख्य हिन्दू समाज में ही एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो रामचरितमानस में रचित व प्रकाशित कुछ श्लोकों व चौपाइयों को हिन्दू समाज के दलित,शूद्र,पिछड़े यहां तक कि महिलाओं व ग्रामीणों के अपमान के रूप में भी देखता है। मजे की बात तो यह है कि इतने अंतर्विरोधों के बावजूद देश के इसी बहुसंख्य हिन्दू समाज का लगभग प्रत्येक वर्ग अपने दुख सुख अथवा आराधना के समय इसी रामचरितमानस को अपना सम्मानित धर्मग्रंथ मानते हुये इसी का पठन-पाठन करता आ रहा है। हालांकि रामचरितमानस की आलोचना के स्वर भी दशकों से उठते तो जरूर रहे हैं परन्तु वे इतने प्रबल स्वर नहीं थे जितने अब सुनाई दे रहे हैं। यहां तक कि विगत 29 जनवरी को उत्तर प्रदेश में कुछ राजनैतिक दलों के नेताओं द्वारा रामचरितमानस की प्रतियां जलाने तक की नौबत आ गयी और लखनऊ पुलिस ने कुछ आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम व अन्य आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुये उन्हें हिरासत में भी ले लिया। इतना ही नहीं बल्कि रामचरितमानस की प्रतियां जलाने से रुष्ट कुछ संतों ने रामचरितमानस की प्रतियां जलाने वालों का सिर काटने पर इनाम की राशि भी घोषित कर दी। यदि इसी तरह की घटनाओं को हम वैश्विक सन्दर्भ में देखें तो पूर्व में भारत से लेकर विश्व के अनेक पश्चिमी देशों में मुसलमानों के पवित्र ग्रन्थ कुरआन शरीफ को जलाने की घटनायें भी होती रही हैं। कुरआन शरीफ की आलोचना करने वालों का भी यह तर्क रहता है कि इसमें दर्ज विभिन्न 'आयतों' में गैर मुस्लिमों,काफिरों व मुशरिकों पर जुल्म ढहाने की सीख दी गयी है। कुरआन और इस्लाम के यही आलोचक दुनिया में घटित होने वाली किसी भी हिंसक या आतंकी कार्रवाई को बड़ी ही आसानी से 'कुरआन की सीख' से जोड़ देते हैं। हर आतंकी घटना को जिहादी घटना बताने लगते हैं। और जब कहीं भी कुरआन शरीफ को अपमानित करने उसे फाड़ने या जलाने जैसी घटनायें होती हैं। इसे ईश निंदा बताया जाता है। उसी समय विश्व इस्लामी जगत में ऐसी घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रियाएँ शुरू हो जाती हैं। प्रदर्शन,जुलूस,धरने यहाँ तक कि बड़े पैमाने पर हिंसक प्रदर्शन तक होने लगते हैं। रामचरितमानस की आलोचना हो अथवा कुरआन का विरोध,जब भी ऐसे स्वर बुलंद होते हैं फौरन दोनों ही धर्मों के स्वयंभू धर्मगुरु इन धर्मग्रंथों के 'पैरोकार ' के रूप में सामने तो जरूर आ जाते हैं परन्तु प्रायः उनकी भूमिका भी इन्हीं धर्मग्रंथों के 'अंध भक्त' की ही होती है।

**ललित गर्ग**

**नरेन्द्र** मोदी शासन के जिम्मेदारी भरे बजट-2023 ने समावेशी आर्थिक समृद्धि और वैश्विक महत्वाकांक्षा के साथ उस नए भारत की नींव रखी है, जो अपनी स्वाधीनता के सौवें वर्ष में साकार होगा। यह बजट अमृत काल को सबसे अच्छे ढंग से रेखांकित करता है। निश्चित ही सरकार की नजर अमृतकाल पर है। उसी दृष्टि से रणनीतियां एवं योजनाएं बन रही है। पिछले वर्ष भी अमृतकाल बजट चर्चा के केन्द्र में था। भारत का केन्द्रीय बजट एवं मोदी सरकार की नीतियां भी बहुत हद तक साल 2047 को लक्ष्य करके बनायी जा रही है। उस समय तक भारत को दुनिया का एक विकसित देश बना देने का विचार है, लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है अनियंत्रित भ्रष्टाचार।

भ्रष्टाचार मुक्त नौकरशाही बनाना अत्यावश्यक है क्योंकि नौकरशाही देश के विकास के कार्यों को प्रचालित करने में मेरुदंड का कार्य करती है साथ ही सुदृढ़ समाज की स्थापना भी करती है। अधिकारियों को सार्वजनिक जीवन में शुचिता के मापदंडों पर खरा उतरने के लिए पूरे प्रयास करने चाहिए। भारत के वरिष्ठ नौकरशाह और चीफ विजिलेंस कमिश्नर रहे एन विट्ठल ने कहा था कि राजनीतिज्ञों से ज्यादा नौकरशाह भ्रष्ट हैं, क्योंकि राजनेताओं को तो जनता एक समय बाद हटा सकती है, लेकिन नौकरशाह पूरी सेवा काल तक भ्रष्टाचार करता रहता है। काफी हद तक यह सही भी प्रतीत होता है, क्योंकि राजनेता पर प्रत्येक पांच वर्ष बाद चुने जाने का दबाव होता है, जो नौकरशाह पर नहीं होता है। आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र में अपेक्षित विकास न हो पाने के कारणों पर आकलन किया जाये तो भ्रष्टाचार सर्वोपरि है। भ्रष्टाचार के कारण एक तो कुछ ही लोगों के पास धन एकत्रित होता है, साथ ही बाजार में कृत्रिम वृद्धि लाता है जिससे वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होती है और वस्तुएं गरीब व्यक्ति की पहुँच से बाहर हो जाती हैं। भारत विश्व में तेजी से उभरती हुयी अर्थव्यवस्था है। लेकिन भारत में काला धन और भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या है। वस्तुतः कालाधन अघोषित आय है जिस पर टैक्स की देनदारी बनती है लेकिन उसकी जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को नहीं दी जाती। काले धन के उत्पन्न होने के कई कारण हैं जैसे स्मगलिंग, पोचिंग ड्रग्स, घोटाले, जालसाजी, भ्रष्टाचार आदि से काला धन उत्पन्न होता है। काले धन के कारण भारत में समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी है, जो भारत के समावेशी विकास में बाधा है। काले धन के कारण ही इस उभरती हुई अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार एक गंभीर मुद्दा है।



नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले देश के प्रधानमंत्री बनते ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लिया। उन्होंने न खाऊंगा और न खाने दूंगा का शंखनाद किया, उनके दो बार के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने के लिये अनेक कठोर कदम उठाये गये है और उसके परिणाम भी देखने को मिले हैं, लेकिन भ्रष्टाचार फिर भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार की जटिल से जटिल होती स्थितियों को देखते हुए ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने हाल ही में सरकारी संस्थानों, मंत्रालयों और नागरिकों के लिए छह बिंदुओं का सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र जारी किया, जिसमें उनसे भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया है। प्रतिज्ञा पत्र को आयोग ने भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए विशेष अभियान के तौर पर पेश किया है। राष्ट्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध समय-समय पर ऐसी क्रांतियां एवं प्रशासनिक उपक्रम होते रहे हैं। लेकिन उनका लक्ष्य, साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। प्रश्न है कि बजट हो या सरकार के संकल्प, या फिर सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र क्या इनका हश्र ढाक के तीन पात ही होना है? अमृत की राह में भ्रष्टाचार बड़ा रोड़ा है, देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए। हमारे देश में भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए समय-समय पर प्रशासनिक सुधार पर बल दिया जाता रहा है। अनेक समितियां बनाई गयी, जिनकी रिपोर्ट में प्रशासनिक सुधार के महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट सुझाया गया, जिसमें नौकरशाही को पारदर्शी, जवाबदेह तथा मजबूत बनाया जा सके। इसी उद्देश्य से वर्ष 2005 में सूचना का अधिकार भी लाया गया, जिसमें जनता, सरकारी कार्यों में सहभागिता को निर्धारित कर सके और जनता तथा सरकार के बीच नजदीकियां बढ़ें, ताकि पारदर्शिता को बढ़ावा मिल सके और भ्रष्टाचार कम हो सके। सरकारी कार्यों में यदि जनता का हस्तक्षेप होगा, तो निश्चित तौर पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा सकेगा, लेकिन भारत में नागरिक समाज की कमी एवं उदासीनता के कारण लोग मात्र अपने अधिकारों की अपेक्षा करते हैं, कर्तव्यों को तरजीह नहीं देते। इसी कारण लोग आरटीआइ का उपयोग निजी हित तथा दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए करने लगे जिससे आरटीआइ भी अपने लक्ष्यों से भटक गयी। सुशासन की अवधारणा भी भारत में अधूरी ही रही है, क्योंकि सुशासन का अर्थ ही यही है कि सरकार के कार्यों को कम करने के लिए लोगों की सहभागिता, लेकिन नागरिक समाज की कमी, उपेक्षा एवं उदासीनता उद्देश्यों को पूर्ण करने में बाधा बन रही है।

> **भ्रष्टाचार ने तो भारत की शिक्षा व्यवस्था को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। जैसे उच्च शिक्षा मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि में भ्रष्टाचार के कारण देश में कुशल डॉक्टरों और इंजीनियरों के अभाव से देश को गुजरना पड़ रहा है**

भ्रष्टाचार ने तो भारत की शिक्षा व्यवस्था को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। जैसे उच्च शिक्षा मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि में भ्रष्टाचार के कारण देश में कुशल डॉक्टरों और इंजीनियरों के अभाव से देश को गुजरना पड़ रहा है। डॉक्टरों की अकुशलता के कारण मरीजों का कई बार सही इलाज न होने के कारण प्राण संकट में पड़ जाता है। अर्थात पैसे के बल पर ये लोग मेडिकल कालेजों में प्रवेश पाते हैं जो उसके योग्य होते ही नहीं हैं। इस तरह स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ खिलवाड़ जघन्य अपराध है। भ्रष्टाचार के कारण ही मकान, जमीन, उच्च शिक्षा और ऐसी अनेक वस्तुओं के मूल्य में कृत्रिम वृद्धि होने के कारण देश की बहुत बड़ी आबादी इन वस्तुओं तक अपनी पहुँच बनाने में असमर्थ होती है। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार भ्रष्टाचार के माध्यम से जमा किया गया काला धन बेनामी संपत्ति को बढ़ाने के साथ साथ हवाला कारोबार को भी बल देता है। ऐसा प्रमाण है कि हवाला का उपयोग आतंकवादियों ने हथियारों की खरीद फरोख़्त में किया है। इसलिये देश को भ्रष्टाचार और काले धन नामक दीमक से मुक्त कराने हेतु कठोर कदम उठाए गये हैं।

भ्रष्टाचार को बलशाली बनाती है रिश्वत। रिश्वत एक नासूर है। रिश्वत देने वाला काम जल्दी होने की उम्मीद में रिश्वत दे रहा है। लेने वाला काम करने के बदले रिश्वत ले रहा है। यानी भ्रष्ट-व्यवस्था कायम हैं। काम में विलम्ब या आम आदमी को परेशान करना- यह भ्रष्टाचार को पोषित करने की जमीन है। भले ही अपेक्षित सारे काम करना सरकारी कर्मचारी-अधिकारी की जिम्मेदारी हो, फिर भी भ्रष्टाचार को शिष्टाचार एवं रिश्वत को एक तरह से सुविधा शुल्क मान लिया गया है और इसके लेन-देन को लेकर कहीं कोई अपराध बोध नहीं दिखाई देता। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को खत्म कैसे किया जाए? क्या सिर्फ इस तरह के बजट-प्रावधान, सरकारी संकल्पों, प्रतिज्ञा पत्र से भ्रष्टाचार दूर होगा? असल में जरूरत है नीचे से लेकर ऊपर तक सुधार करने की। नीचे का व्यक्ति तभी सुधर सकता है, जब ऊपर बैठा हुआ व्यक्ति भी उस सुधार के लिए प्रेरित हो और भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा हो। आजकल राष्ट्र में थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद ऐसे-ऐसे घोटाले, आर्थिक काण्ड, प्रशासनिक रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के किस्से उद्घाटित हो रहे हैं कि अन्य सारे समाचार दूसरे नम्बर पर आ जाते हैं। पुरानी कहावत तो यह है कि ह्लसच जब तक जूतियां पहनता है, झूठ पूरे नगर का चक्कर लगा आता है.ह्व भ्रष्टाचार देश में अगर बढ़ रहा है, तो किसकी जिम्मेदारी बनती है? भ्रष्टाचार को कौन खत्म करेगा? आजादी के 75वें साल में इस सवाल का उठना अपने आप में गंभीर बात है। इसीलिये आजादी के अमृत स्वप्न में भ्रष्टाचार से मुक्ति भी शामिल है। आज भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री अगर चिंता जता रहे हैं, तो देश अच्छी तरह से वस्तुस्थिति को समझ रहा है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा है कि किसी के पास रहने को जगह नहीं और किसी के पास चोरी का माल रखने की जगह नहीं है।

# अन्तर्राष्ट्रीय टूलकिट तो नहीं है अडानी विरोध

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

**हिंडनबर्ग** की रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर अकाउंटिंग में धोखाधड़ी करने और शेयर की कीमतों में हेरफेर करने का आरोप लगाया गया है। इस रिपोर्ट में अडानी ग्रुप से जुड़े मामले को कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी बतायी गई है। इस आरोप से अडानी ग्रुप को अपनी कुल राशि का पचास प्रतिशत से भी अधिक गिरावट का सामना करना पड़ रहा है । अमेरिका की शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की पिछले हफ्ते आई एक रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में 140 अरब डॉलर से ज्यादा की कमी आ चुकी है। इस तरह कंपनी का मार्केट वैल्यूएशन आधे से भी कम रह गया है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर लगाये गये गंभीर आरोपों से भारत में विपक्ष नेताओं सहित मोदी विरोधी टोले की बाँछे खिल गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहले कहा था कि "मुझे लगता है कि निवेशकों का जिस तरह का विश्वास पहले था, वैसा ही आगे भी जारी रहेगा.." किंतु अब अडानी ग्रुप की प्रतिदिन की गिरावट जारी रहने वाली रिपोर्ट संकेत कर रही है कि निवेशकों का विश्वास भी डगमगा रहा है । स्वयं अडानी समूह के मालिक गौतम अडानी ने एक वीडियो मैसेज जारी किया। जिसमें उन्होंने कंपनी में किसी भी तरह की गड़बड़ी के आरोप को गलत बताते हुए भरोसा दिलाने का प्रयास किया कि कंपनी में सब ठीक है किंतु इनकी सफाई आने के बाद भी अडानी ग्रुप के शेयरों की गिरावट में कोई कमी दिखाई नहीं दे रही हैं। इस ग्रुप के शेयर प्रतिदिन 20-25% तक गिरावट दिखा रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा था कि रेग्युलेटर्स स्वतंत्र हैं और अडानी ग्रुप से जुड़ी चिंताओं को लेकर अपनी कार्रवाई करेंगे। सीतारमण ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "रेग्युलेटर्स अपना काम करते रहेंगे । आरबीआई ने भी बयान जारी किया है। अडानी ग्रुप में अपने एक्सपोजर के बारे में बैंकों और एलआईसी ने आगे आकर स्वयं बात की। रेग्युलेटर्स स्वतंत्र हैं और वे मार्केट को रेग्युलेट करने के लिए जरूरी कदम उठा सकते हैं। ऐसे में रेग्युलेटर्स अपना काम करेंगे." किंतु वित्तमंत्री के बयान के बाद भी विरोधियों का विरोध रुक नहीं रहा है अपितु मोदी विरोध का सुअवसर जानकर यह विरोध ओर तीव्र होता जा रहा है । राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तो संसद में सभ्यता को ताक पर रखते हुए यहां तक कहा कि ,'पहले मोदी बिजनेसमैन अडानी के प्लेन में बैठकर विदेशयात्रा पर जाते थे और अब अडानी प्रधानमंत्री मोदी के प्लेन में बैठकर विदेश घूमकर आते हैं' आज कल मोदी विरोध में किसी भी स्तर तक जाने का चलन सा हो गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव निकट है । चुनाव में सक्रियता के लिए विपक्ष को कोई ढ़ग का मुद्दा मिल नहीं पा रहा है। मोदी की बेबाक ,स्वच्छ छवि ,ईमानदारी से व कर्मठता से कार्य करते रहने की उनकी आदत को देश भी अनुभव करने लगा है । जिस कारण उन पर लगाये जा रहे आरोपों को देश भी गंभीरता से नहीं लेता। पहले भी राहुल गांधी ने राफेल को लेकर अनाप-शनाप आरोप लगाये थे और सार्वजनिक रूप से चौकीदार चोर है के नारे लगवाये थे । मोदी तो इस अपमान के घूंट को हलाहल समझकर पी गए किंतु जनता ने अपमान करने वाले को नकार दिया। बाद में राहुल गांधी को माफी मांगनी पड़ी। किंतु जब चुनाव सिर पर आता है तो इस तरह का नेता कोर्ट-कचहरी, सार्वजनिक माफी, परिणाम आदि की चिंता नहीं करता तब उसका एक ही उद्देश्य होता है कि येन केन प्रकारेण जनता में बदनाम करके राजनैतिक बढ़त बनाई जाये बाद में जाँच चलती रहेगी। इसी मोदी विरोधी एजेंडा का प्रतिरूप लग रहा है अड़ानी विरोध। इसमें अन्तर्राष्ट्रीय षड्यंत्र की बू आ रही है। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्था बॉब ब्राउन फाउंडेशन नाम से एक वेबसाइट है। इसकी शुरूआत ऑस्ट्रेलिया में अडानी के कोयला खनन प्रोजेक्ट के विरोध से हुई थी किंतु फिर यह संस्था अडानी से जुड़े कामों के बारे में भी छापने लगी। इसका उद्देश्य केवल अडानी ग्रुप को नुकसान पहुंचाना है। अमरीका देश ने पिछले 2 सालों में 4 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज लिया है जो भारत की कुल जीडीपी से भी ज्यादा है। पाकिस्तान में खाने के लिए आटा नहीं है मिल पा रहा है वह श्रीलंका की तरह भूखा मर रहा है। भारत निरंतर विकास की दौड़ में आगे होने पर भी विपक्ष के निशाने पर हैं। इन्हें देश हित से ज्यादा अडानी की ज्यादा चिंता है। जबकि अडानी ग्रुप ने रिपोर्ट को भारत के खिलाफ हमला करार दिया। कारोबारी गौतम अडानी के समूह ने वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को भारत व उसकी संस्थाओं और विकास की गाथा पर सुनियोजित हमला बताते हुए रविवार को कहा था कि आरोप ह्यझूठ के सिवाय कुछ नहींह्ल हैं। अडानी ग्रुप ने कहा, ह्ययह केवल किसी विशिष्ट कंपनी पर एक अवांछित हमला नहीं अपितु भारत, भारतीय संस्थाओं की स्वतंत्रता, अखंडता और गुणवत्ता तथा भारत की विकास गाथा एवं महत्वाकांक्षाओं पर एक सुनियोजित हमला है। अडानी ग्रुप पर आरोप है कि कंपनी ने शेयरों की कीमत को मैनिपुलेट किया है और अकाउंटिंग फ्रॉड किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अडानी ग्रुप के ऊपर बहुत ज्यादा कर्ज है, जिसके कारण उनकी कंपनियों पर संदेह की स्थिति है। आरोप ये भी है कि अडानी ग्रुप ने टैक्स हैवन कहे जाने वाले देशों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया है और शेयरों की कीमतों को मैनिपुलेट किया है। यह रिसर्च ह्यअडानी ग्रुपः हाउ द वर्ल्ड थर्ड रिचेस्ट मैन इज पुलिंग द लारजेस्ट कॉन इन कॉरपोरेट हिस्ट्री' नाम से छापी गई है। इसे 27 जनवरी को अडानी एंटरप्राइजेज का एफपीओ आने से सिर्फ 2 दिन पहले जारी किया गया। जिससे इसकी टाइमिंग भी संदेह के घेरे में है। हिंडनबर्गट रिसर्च की रिपोर्ट सामने आने के बाद से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में अडानी के बचाव में आलेख प्रकाशित करते हुए लिखा है कि यह वामपंथियों-भारतीयों की एक जमात की साजिश है। एक वामपंथी लॉबी है जो अडानी के पीछे पड़ी हुई है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर लेख में कहा गया है कि अडानी के खिलाफ ये सुनियोजित साजिश है। संघ के मुखपत्र में लिखा गया है कि ये हमला बहुत कुछ वैसा ही है जैसा भारत विरोधी जॉर्ज सोरोस ने बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ थाईलैंड पर किया था और उन्हें बर्बाद कर दिया था। शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद भारतीयों की एक लॉबी ने अडानी के विरुध्द नकारात्मक वातावरण तैयार किया। इस लॉबी में वामपंथी विचारधारा से जुड़े

# एमपी में जनता के आंगन में सरकारी विकास यात्राओं की आमद

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

**एमपी** में वर्ष 2023 राजनैतिक हलचल से भरपूर रहने वाला है। चुनावी साल होने से जनता को अपना भगवान बताने वाले राजनैतिक दल जिनमे सत्ताधारी भाजपा और सत्ता पाने की जुगत में लगी कांग्रेस सहित नई नवेली आमआदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी जनता के दरबार मे जाकर अपने दल को जनता का सबसे बड़ा हितैषी बताने का प्रयास करेंगे। आमजन भी यह सोच रहा है कि 4 साल अपने छोटे से काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने होते है। उस दौरान अफसर मिलते नही, नेता गायब रहते है। अब जबकि चुनावी साल है। सत्ताधारी ओर विपक्षी नेताओं द्वारा पूछपरख की जा रहीं है। मध्यप्रदेश की सत्ता पर भारतीय जनता पार्टी काबिज है। प्रदेश में 15 महीनों की कमलनाथ सरकार के शासनकॉल को छोड़ दें तो करीब 20 साल से एमपी में भारतीय जनता पार्टी का शासन रहा है। इन 20 सालों में अधिकांश समय प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर शिवराज सिंह चौहान काबिज रहें है। प्रदेश सरकार फरवरी की 5 तारीख से 25 तारीख तक मध्यप्रदेश के 55 जिलों, 16 नगर निगमों, 100 नगरपालिकाओं, 264 नगर पंचायतों, 313 विकासखण्डों की 23 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में विकास यात्रा निकाल रहीं है। यानी सरकार जनता के आंगन में आमद देकर यह बताने की कोशिश कर रही है कि हम आपके सबसे बड़े हितैषी है। हमारी सरकार ने आपका पूरा ध्यान रखा है। प्रदेश में चारों ओर खुशहाली का वातावरण व्याप्त है, जनता को घर बैठे सरकारी सुविधाएं मिल रही है। प्रदेश का कृषक खुशहाल है, उसे आसानी से खाद, बीज, यूरिया उपलब्ध हो रहा है। किसान को उसकी फसल का उचित दाम मिल रहा है। सरकार की नीतियों से व्यवसायी वर्ग में भी प्रसन्नता व्याप्त है। वह बड़े अच्छे माहौल में अपना व्यवसाय कर रहा है। प्रदेश के उद्योग धंधे फलफूल रहें है। सरकार की नीतियों से व्यवसायिक वर्ग भी गदगद है। प्रदेश के बेरोजगार भी प्रदेश की शिवराज सरकार से हर्षित है। युवा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने में सरकार ने काफी प्रयास किये है। शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, सड़क ,पानी, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता से आमनागरिक के जीवन में शिवराज सिंह की वर्तमान सरकार ने बंसत बाहर ला दी है। कुल मिलाकर जनता को सरकार द्वारा प्रायोजित विकास यात्राओं के माध्यम से यह बताने की कोशिश की जाएगी कि शिवराज की सरकार ने बेहतर काम किया है। जनता को आगे भी इस सरकार को मौका देना चाहिए। सरकारी प्रयास से प्रदेश की सम्पूर्ण मशीनरी आमआदमी के दिमाग में यह बिठाने की पूरी कोशिश करेगी की एमपी की शिवराज सरकार के राज में प्रदेश तरक्की कर रहा है। जनता के आंगन में विकास का यह रथ जनता की तरक्की की असली तस्वीर है। विकास के शोर मचाते इन रथों से सरकारी भोंपू प्रदेश को खुशहाल बताने के हर सम्भव जतन करेंगे। इसके विपरीत प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 5 फरवरी को ग्वालियर में एक जनसभा को सम्बोधित करतें हुए भाजपा सरकार की विकास यात्रा को नौटंकी करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कुछ उपलब्धि तो है, नही सिर्फ सरकार के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। विकास होता तो विकास यात्रा निकालने की आवश्यकता ही नही पड़ती। कमलनाथ अपने 15 महीने की उपलब्धियां गिनाना भी नही भूलते। दरअसल मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार की उपलब्धियों को ढाई या तीन साल की सरकार की उपलब्धि विकास या तरक्की के बजाय 20 वर्षो के विकास के रूप में देखें जाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 16 बरसो से अधिक कार्यकाल तक मुख्यमंत्री रहें है। इस लिहाज से सरकार औ? मुख्यमंत्री को पर्याप्त समय काम करने का अवसर मिला है। एक सरकार और व्यक्ति को जब इतना लंबा समय कार्य करने का अवसर मिला हो तो प्रदेश की तस्वीर बेहद उजली दिखाई देना चाहिए। इसके विपरीत जमीनी हकीकत कुछ और ही कहती है। प्रदेश में सरकारी शिक्षा और स्वास्थ की स्थिति बेहद कमजोर है। सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य का उपयोग जनता बहुत मजबूरी में ही करती है। व्यापम जैसे घोटाले मध्यप्रदेश के माथे पर दागनुमा चस्बा है। जिसमें नेताओं, अफसरों के भ्रष्ट तंत्र ने प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के हक पर ढाका डालकर अयोग्य लोगो को धन की लालच में भर्ती कर लिया था। प्रदेश में शिवराज सिंह की सरकार रहतें हुए आदिवासी जिलों में भ्रष्टाचार चरम पर पहुच गया था। जिसकी बानगी आदिवासी बाहुल्य जिले बड़वानी में देखने को मिली यहां की जनपद सेंधवा ओर निवाली में हुई आर्थिक अनियमितता पर दिसम्बर 2022 में न्यायालय ने निर्णय सुनाते हुए तात्कालिन अधिकारियों, इंजीनियरों, सरपंचों, सचिवों को सजा सुनाई है। जनपद सेंधवा के वरला थाने में दर्ज एफआईआर अनुसार 23 मई 2012 को 23 ग्राम पंचायतों द्वारा फर्जी खाते खोलने जिसमे मनरेगा की 5 करोड़ 21 लाख 50 हजार रु की राशि फर्जी फर्मो के माध्यम से ट्रांसफर कर घोटाले को अंजाम दिया था। इस मामले में बड़वानी जिले के एक न्यायालय ने 23 आरोपियों को दोषी मानतें हुए 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसी जिले की निवाली जनपद में मनरेगा के 6 करोड़ रुपये के घोटाले में तीन सीईओ सहित 12 अफसरों को आर्थिक अनियमितता का दोषी मानते हुए कारावास एवं जुमार्ने से दण्डित किया गया है।

### चल उड़ जा रे पंछी...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सीनियर** ईमानदार और जूनियर ईमानदार आपस में बातचीत कर रहे हैं। सीनियर ईमानदार बेटा तुम बड़ा होकर क्या बनना चाहोगे? जूनियर ईमानदार (फटाक से) धोखेबाज। सीनियर ईमानदार धोखेबाज तुम ऐसा क्यों बनना चाहते हो? जूनियर ईमानदार धड़ल्ले से कहते हुए आज का जमाना धोखेबाजों है। लोग धोखेबाजों को मजबूत , होशियार और बेहतर समझते हैं। वे हमेशा किसी भी कार्य को मजबूती से और बेहतर करने का दमखम रखते हैं। जब कभी पकड़े जाते हैं, तो खुद को कमजोर नहीं समझते, परंतु अगली बार इससे बेहतर कर सकते हैं इसके बारे में सोचकर वह और धोखा देने के बारे में विचार करते हैं। धोखेबाज लोग हमेशा पहले अपने काम की बात करते हैं। वे हमेशा स्वयं को अपना केंद्र मानते हैं। वे अपना उल्लू साधने में ही अपनी भलाई समझते हैं। वे कभी भी बिना सोचे नहीं बोलते अगर उन्हें कोई भी बात समझ में नहीं आती तब वह उसके बारे में नहीं बोलते। धोखेबाज लोग बुरे समय में भी अपना काम कर सकते हैं वह कभी भी अच्छे समय आने का इंतजार नहीं करते। वह कभी भी समय का दुरुपयोग नहीं करते हर समय की कीमत रखते हैं और उसका हमेशा उपयोग करते हैं। धोखेबाज लोग हमेशा धोखाधड़ी के बारे में सोचते हैं। वे हमेशा धोखेबाज लोगों के साथ रहते हैं। इससे उन्हें धोखा देने के नए-नए गुर सीखने को मिलते हैं। इन्हीं गुरों के चलते वे बहुत कम- समय में धनवान बन जाते हैं। लोग उन्हें सलाम ठोंकते हैं।

# चित्रकूट - उन्नाव संदेश

## फटाफट खबरें

### दहेज हत्या में महिला समेत तीन दबोचे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पहाडी थाना पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

गुरुवार को पहाडी थानाध्यक्ष राम सिंह की अगुवाई में दरोगा रविकान्त राय, दरोगा शिवशरण तिवारी, सिपाही अजय कुमार, जयप्रकाश व महिला सिपाही रेखा भारती ने थाना क्षेत्र के नांदी गांव जाकर दहेज हत्या में वांछित महेश सिंह पुत्र स्व विरजीवनलाल, ननकी देवी पत्नी महेश सिंह तथा जगदीश सिंह पुत्र महेश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

इसी क्रम में सरधुआ थाने के थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी ने जितेन्द्र पुत्र फूलचन्द्र निवासी ब्यौहरा के कब्जे से बीस लीटर महुआ शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम में चालान किया है। सरधुआ थाने के दरोगा अनिल कुमार शुक्ला ने वारंटी शारदा प्रजापति पुत्र देवमुनि निवासी सुरवल को गिरफ्तार किया है।

### नमामि गंगे योजना को ठिकाने लगा रहे ठेकेदार-सुपरवाइजर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले के कर्वी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में नमामि गंगे योजना को ठेकेदार व सुपरवाइजर ठिकाने लगा रहे हैं। योजना को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड रहे हैं।

बुधवार को कर्वी ब्लाक के ग्राम पंचायतों में नमामि गंगे योजना के लिए पानी की टंकी निर्माण कार्य को आई सामग्री को ठेकेदार व सुपरवाइजर ठिकाने लगा रहे हैं। कर्वी ब्लाक के पहरा गांव में जिम्मेदारों ने पानी की टंकी निर्माण को आई सामग्री औने-पौने दाम में बेंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि ठेकेदार सुपरवाइजर सीमेन्ट, सरिया भरतकूप क्रशर नगरी में दुकानदारों के यहां पहुंचा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर घर जल पहुंचाने की योजना को ठेकेदार व सुपरवाइजर ठिकाने लगाने में जुटे हैं। घर-घर पानी पहुंचाने का सपना धरातल में पूरा होता नहीं दिख रहा। भ्रष्टाचारियों की नजर नमामि गंगे योजना पर पड गई है। वहां की सामग्री चोरी कर दुकान संचालकों के पास भेजी जा रही है। अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### इंस्टीट्यूट हाल में विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरण किया

**सुल्तानपुर। शहर** मिशन प्रबंधन इकाई डूडा के परियोजना अधिकारी सुश्री सुनीता सिंह ने माडर्न ट्रेनिग इंस्टीट्यूट हाल में विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरण किया। सुनीता सिंह ने बोलते हुए कहा कि सरकार रोजगार प्रदान करने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है,जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए।
पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी योजना आजीविका मिशन के कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। आज महिलाए हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है,महिलाओ पर दोहरी जिम्मेदारी होने के बाद भी रोजगार के प्रति लगाव देश के विकास के लिय शुभ संकेत हैं।कार्यक्रम में डूडा के शहर मिशन प्रबंधक अभिनव बाजपेई ,रितेश सिंह ने अपने विचार व्यक्त किया।एम टी आई एवम प्रताप सेवा समिति के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। एम टी आई के निदेशक सरवर रहमान,जहीन,राजन सिंह ,प्रताप सेवा समिति के विजय विद्रोही आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं को जागरूक करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण/कार्यशाला किया गया आयोजन।

**सुलतानपुर। राज्यमंत्री,** महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 श्रीमती प्रतिभा शुक्ला की अध्यक्षता में ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्य कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला ग्राम प्रधानों, शिक्षिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, छात्राओं के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण/प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में किया गया।

उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 मंत्री के साथ मा0 भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 आर.ए. वर्मा, मा0 विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अन्य अधिकारियों/भाजपा पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्र्यापण किया गया। तत्पश्चात रामराजी बालिका इण्टर की छात्राओं द्वारा अतिथियों के समक्ष स्वागत गीत एवं सरस्वती वन्दना का गायन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 का स्वागत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर किया गया। मा0 राज्यमंत्री द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संदेश युक्त बैलून हवा में छोड़कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मा0 राज्यमंत्री द्वारा सभागार में उपस्थित सभी महिलाओं, अधिकारियों सहित आदि को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शपथ दिलायी गयी।

तत्पश्चात जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0 वर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय देते हुए महिला कल्याण विभाग से सम्बन्धित सभी योजनाओं का विस्तार पूर्वक परिचय दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत महिला कल्याण से सम्बन्धित लॉ एण्ड आर्डर के बारे में सभी को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी महिलाओं/बेटियों को विश्वास दिलाया गया कि किसी भी महिला को कहीं भी किसी भी प्रकार की समस्या हो, तो पुलिस हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल करें, हमारी पुलिस आप सब की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी थानों में महिला हेल्पडेस्क स्थापित किये गये हैं। आप बेझिझक अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा मंत्री सहित सभी अतिथियों/महिलाओं, बेटियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिये ह्दय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने कहा कि विभिन्न विकास परक योजनाओं में महिला कल्याण से सम्बन्धित योजनाओं का जनपद में सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना में जनपद का प्रथम स्थान आने पर जिला प्रोबेशन अधिकारी को बधाई दी। मा0 जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में आयोजित ह्यमहिलाओं की बात जिलाधिकारी के साथह्य कार्यक्रम के सफल संचालन की भी बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना के तहत मिलने वाली सुविधाएं सभी उप जिलाधिकारियों के माध्यम से आम जनता तक पहुँचायी जा रही है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि समाज में लैंगिक भेद को मिटाने की जरूरत है, इस दिशा में हम सब को मिलकर एकीकृत प्रयास करना चाहिये, ताकि समाज में सभी को बराबरी का हक मिल सके।

मा0 भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 आर.ए. वर्मा द्वारा मा0 मंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से सम्बन्धित मुद्दों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में महिला और पुरूष को बराबरी का हक है। उन्होंने भ्रूण हत्या को एक सामाजिक बुराई बताते हुए सरकार द्वारा इसके विरूद्ध बनाये गये कानूक की चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मॉ-बाप की सेवा बेटों से ज्यादा अच्छा बेटियाँ कर रही हैं। विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय द्वारा अपने सम्बोधन में मा0 मंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने महिला कल्याण से सम्बन्धित सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया।

# बजट में वंचित वर्गों समेत सभी का है ख्याल: नरेन्द्र कश्यप

## बजट पर चर्चा में शामिल रहे प्रभारी मंत्री

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में अमृतकाल बजट में हुई गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि/प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप की मौजूदगी में छात्राओं ने स्वागत गीत से कार्यक्रम शुरू किया।

गुरुवार को चित्रकूट इंटर कालेज में हुई गोष्ठी में कार्यक्रम संयोजक/नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने बजट की पृष्ठभूमि रखी। गोष्ठी में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, गौसेवा आयोग के सदस्य भोले सिंह, कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन बद्रीविशाल त्रिपाठी, सीआईसी प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान की मौजूदगी में प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि 45 लाख करोड के बजट में कोरोना की मार से दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमराई थी, भारत के मजबूत नेतृत्व के चलते अर्थव्यवस्था कोई फर्क नहीं पडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के लोगों को निःशुल्क वैक्सीन देकर भी ये बजट पेश किया है। बजट में सभी वर्गों का विशेष ध्यान दिया गया है। रेलवे यात्रा को दो करोड 40 लाख का बजट दिया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ छात्राओं को शिक्षा एवं समाज में बराबरी में लाने की चिन्ता की गई है। बैंकिंग व्यवस्था में सुधार को प्राविधान किये गये हैं। सेना के आधुनिकीकरण और सीमा सुरक्षा में लगे जवानों को आधुनिक सुविधायें मिलें, बजट में इसकी पूरी चिन्ता की गई है।




जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि ये बजट देश की जनता को समर्पित बजट है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पूर्व की सरकारों का बजट सिर्फ छलावे का होता था, भाजपा सरकार के बजट में जमीन पर लाने का काम किया जाता है। विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने बजट को लोक कल्याणकारी बताया। पूर्व सांसद भैरों मिश्रा ने कहा कि आम जनमानस पर पडने वाले बोझ को कम करने वाला बजट है। कार्यक्रम संयोजक नरेन्द्र गुप्ता ने मौजूद लोगों का आभार जताया। संचालन राजीव त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता देव त्रिपाठी, आलोक पाण्डेय, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, मुन्ना करवरिया, अर्जुन शुक्ला, शिवशंकर सिंह, अरविन्द मिश्रा, पंकज अग्रवाल, आशीष पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, जगदीश गौतम, रामेन्द्र गौतम, आभेष मिश्रा, जानकीशरण तिवारी, सुशील द्विवेदी, राजेश्वरी द्विवेदी, माया प्रजापति, ममता तिवारी, दुर्गेश शुक्ला, उज्जवल गुप्ता, रामदयाल त्रिपाठी, लवलेश निषाद व राकेश कोल तथा मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी मौजूद रहे।

# स्कूल का निरीक्षण कर प्रभारी मंत्री ने बच्चों को सराहा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सूबे के पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिवरामपुर का औचक निरीक्षण कर वहां बने भोजन को चेक किया। आंगनबाडी केन्द्र में रवि व ज्योति का अन्नप्राशन कर सरोज व सविता को पोषाहार बांटा।

गुरुवार को राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के बच्चों ने पिरामिड बनाकर मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने छात्रावास, कामन हाल, टायलेट, रसोई घर, खाद्यान्न स्टोर देखकर कहा कि छात्रावास में छात्राओं के कमरों की साफ-सफाई कराकर मेन्यू के हिसाब से भोजन दिया जाये। राज्यमंत्री व



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने रसोई घर में बने दलिया को चखकर देखा। वार्डेन प्रभारी कविता मिश्रा से नास्ता के बारे में जानकारी लेकर छात्रावास के रजिस्टर में स्टाफ की मौजूदगी देखी। बच्चों से भोजन व रास्ते के बारे में जानकारी लेकर सराहना की।

राज्यमंत्री ने आंगनबाडी केन्द्र शिवरामपुर का निरीक्षण कर रवि व ज्योति को अन्नप्राशन व सरोज व सविता को पोषाहार बांटा। बच्चों को केले बांटे। प्रभारी मंत्री ने इंग्लिश मीडियम स्कूल सोनारन पुरवा का भी निरीक्षण किया। बच्चों की पढाई के बारे में भी जानकारी ली। कक्षाध्यापक से पूंछा कि परीक्षायें कब होगी। प्रभारी मंत्री ने गणित के सवाल बच्चों से हल कराये। सही हल बताने पर मंत्री ने बच्चों की सराहना की। प्रभारी मंत्री ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। विभिन्न विभाग देखे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रो योगेशचन्द्र दुबे, मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, सीडीओ अमृतपाल कौर, उपनिदेशक दिव्यांगजन बांदा राजबहादुर सिंह, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, रविप्रकाश त्रिपाठी, रामेन्द्र गौतम, हरीओम करवरिया आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### शिक्षक छविलाल स्वास्थ्य दूत नामित



**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** मऊ ब्लाक के एआरपी अंग्रेजी स्कूल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्वास्थ्य को प्रत्येक उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षकों को आरोग्य दूत के रुप में नामित किया गया।
गुरुवार को मऊ ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहिरी में हुई बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों को स्वस्थ्य रखने की गरज से प्रत्येक उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षकों को आरोग्य दूत के रुप में प्रशिक्षण देकर ब्लाक का नोडल अधिकारी के रुप में छविलाल प्रजापति को नामित किया गया। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ नीरज, एबीएसए कृष्णदत्त पाण्डेय, शिक्षक महेश सिंह, अशोक वर्मा, सुशील पाण्डेय, आलोक श्रीवास्तव, रामचरित, गंगाधर व शारदेन्दु शुक्ला मौजूद रहे। प्रत्येक उच्चतर प्राथमिक स्कूल में किशोर स्वास्थ्य क्लब गठित किया जायेगा। जिसके माध्यम से विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जायेगा।

### मुख्यालय से सटे सात चेकडैम खुद प्यासे, योजना पर बहा रहे आंसू




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** करोड़ों रुपये की लागत से सिद्धपुर और कोलगदहिया गांव में बनें सात चेकडैम बेकार साबित हो रहे हैं। इन चेकडैमों को वर्षा जल संचय को बनाया गया था, लेकिन यह सभी सूखे पड़े हैं। जीव-जंतुओं की प्यास बुझाने वाले सातों चेकडैम खुद प्यास से बेहाल हैं और सरकारी योजनाओं पर आंसू बहा रहे हैं।
गुरुवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मुख्यालय से सटे दोनों ग्राम पंचायतों में इन चेकडैमों के आसपास खुदाई और चेकडैमों की मरम्मत कराए जाने की सख्त जरूरत है। गर्मी के दिनों में पहाड किनारे बने यह चेकडैम जानवरों और पशु-पक्षियों के लिए बड़े सहारे सिद्ध होते थे। इन्हीं से जानवर अपनी प्यास बुझाते थे, लेकिन अब यह चेकडैम सूखे पड़े हैं। गर्मी अभी दूर है, लेकिन चेकडैम पानी संचय करने की क्षमता खो चुके हैं। सिद्धपुर गांव में तीन और कोलगदहिया में चार ऐसे चेकडैम हैं। जिनके आसपास बड़े एरिया में खुदाई, सफाई और मरम्मत की जरूरत है। चेकडैम निर्माण करने वाले विभाग को अब इनकी सुध नहीं है। कम लागत में सात चेकडैम फिर से पानीदार हो सकते हैं। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायतों में पहाड किनारे नालों में बने इन चेकडैमों को पानीदार बनाया जाये।

# अवैध होटल संचालक पवित्र नदी को कर रहा प्रदूषित

## समाजसेवी ने उठाई कार्यवाही की मांग

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश कुमार मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि महर्षि बाल्मीकि आश्रम लालापुर में बाल्मीक नदी किनारे एक अवैध होटल संचालक ने टूरिस्ट यात्रियों के लिए बसअड्डा बनाकर पवित्र नदी किनारे शौचक्रिया कराकर नदी को प्रदूषित कर रहा है। उन्होंने होटल संचालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

गुरुवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश कुमार मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि बाल्मीकि आश्रम लालापुर स्थित बाल्मीक



नदी चेकडैम पुल के पास गांव के श्यामबिहारी पुत्र रामप्रताप तथा राकेश कुमार पाण्डेय पुत्र श्यामबिहारी ने दोनों ओर ढलान वाले स्थान पर बिना पंजीयन व बिना फूड लाइसेंस के अवैध होटल चलवा रहे हैं। रोड किनारे पुल के पास बने होटल के सामने टूरिस्ट बसों को ठहरने का आश्रय देता है। यात्रियों से लबालब भरी बसों में आये यात्री बाल्मीक नदी में शौचक्रिया, स्नान आदि करते हैं। इससे नदी की पवित्रता नष्ट हो रही है और प्रदूषण फैल रहा है। इस नदी के घाट पर जिलाधिकारी ने कई बार दीपदान किया है। स्थानीय वाशिंदे एवं श्रद्धालु भी नदी में स्नान कर पूजन-अर्चन करते हैं।

अवैध होटल संचालक के बनाये बसअड्डे से दो वर्ष पहले बडा हादसा हुआ था। तीन यात्रियों को जान भी गवानी पडी थी। बगरेही के मजरा कोरिन डेरा, लालापुर जाने वाला मार्ग सरकारी अनुदान से बना है। स्कूल जाने वाली छात्र-छात्रायें को भी दिक्कतों का सामना करना पडता है। कई बार इलाका पुलिस को सूचना दी है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। समाजसेवी ने कहा कि मामले की गम्भीरता को संज्ञान में लेते हुए अवैध बस स्टैण्ड तथा होटल तत्काल प्रभाव से बन्द कराया जाये। अवैध होटल संचालक के

# सीओ लम्भुआ राधेश्याम शर्मा को मिली है जांच

**सुलतानपुर।** एसओ अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ स्पेशल जज पाक्सो एक्ट पवन कुमार शर्मा की अदालत के आदेश के बाद दर्ज हुआ मुकदमा। सीओ लम्भुआ राधेश्याम शर्मा को मिली है जांच
करीब 14 वर्षीय किशोरी से रेप के बाद प्रेग्नेंट होने का सीधा प्रमाण होने के बावजूद पुलिस मुकदमा दर्ज करने में लगातार बरत रही थी लापरवाही,कोर्ट के जरिए थानाध्यक्ष से मांगे गये जवाब में भी एसओ अनिरुद्ध सिंह नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब,जिस पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने कल थानाध्यक्ष के खिलाफ भादवि की धारा-166(ए) एवं पाक्सो एक्ट की धारा 21 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करने का दिया था आदेश
कोर्ट के आदेश पर थानाध्यक्ष के खिलाफ गम्भीर मामले में दर्ज हुआ मुकदमा,सूत्रों की माने तो अहिमाने में हुई बड़ी चोरी की वारदात एवं प्रधान ढाबा के सामने दिनदहाड़े हुए मर्डर के अलावा किशोरी से हुए रेप सम्बन्धी गंभीर प्रकरण में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक ने एसओ को किया लाइन हाजिर,अभी अन्य जिम्मेदारो पर भी हो सकती है कार्रवाई,थानाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह से चार्ज छीनकर अखंडनगर के थानाध्यक्ष रहे ।

# भाजपा नेता प्रिंस चौधरी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित

## बिजनौर के फरार भाजपा नेता को दबोचने के लिए मेरठ एसएसपी की मुहिम तेज

**बिजनौर। राजनिति** में उभरते सितारे बिजनौर के भाजपा नेता प्रिंस चौधरी के खिलाफ एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया है। मंगलवार को इस आशय की घोषणा के बाद पुलिस फरार भाजपा नेता की घेराबंदी करने में जुट गई है।वहीं एनबीडब्ल्यू लेने के भी तैयारी है।
30 जनवरी को स्कूटी पर सवार ग्राम खजूरी निवासी वंश (17) और गौरव (22) को तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने टक्कर मार दी थी। सड़क पर गिरते ही पीछे से आ रही लाल रंग की थार से कुचलकर दोनों की मौत हो गई। गौरव के चाचा अनिल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुट गई थी। फॉर्च्यूनर सवार



की पहचान बिजनौर के भाजपा नेता प्रिंस चौधरी और लाल थार गाड़ी मालिक की पहचान हिमांशु चौधरी के रूप में हुई थी। हादसा उस वक्त हुआ, जब भाजपा नेता प्रिंस चौधरी खजूरी में एक कार्यक्रम में शामिल होने अपने काफिले के साथ निकले थे। पुलिस ने रात में ही थार को बिजनौर से बरामद कर लिया लेकिन प्रिंस चौधरी व उसकी फॉर्च्यूनर हाथ नहीं लगी। तभी से पुलिस प्रिंस चौधरी की तलाश कर रही है। मंगलवार को रोहित सिंह सजवाण ने फरार प्रिंस चौधरी पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया। पुलिस की कई टीम गिरफ्तारी के लिए लगातार उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है। गैर जमानती वारंट लेने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।
प्रिंस चौधरी के खिलाफ परीक्षितगढ़ में मुकदमा दर्ज है, जिसमें वह फरार चल रहा है। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास कर रही है ।

## स्टेट ऑफ यूनियन संबोधन के दौरान टेलीविजन दर्शकों की संख्या में गिरावट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के रात स्टेट ऑफ यूनियन को संबोधित भाषण को टीवी पर देखने-सुनने वाले दर्शकों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। नेल्सन रेटिंग डेटा के मुताबिक इस भाषण को 27.3 मिलियन लोगों ने देखा। जबकि पिछले साल स्टेट ऑफ द यूनियन एड्रेस 38.2 मिलियन दर्शकों को खींचने में सफल रहा था। हालांकि इसे लेकर कहा गया है कि लाइव इवेंट के लिए टेलीविजन दर्शकों में तेजी से गिरावट



इसलिए भी आई है क्योंकि दर्शकों ने ऑन डिमांड स्ट्रीमिंग सेवाओं की ओर रेख किया है। उल्लेखनीय है कि 73 मिनट के अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन सहित देश के समक्ष आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में जिक्र किया था।

## इस्लामिक स्टेट खुरासान की धमकी, भारत-चीन और ईरान दूतावास पर होगा आतंकी हमला, यूएन की रिपोर्ट में खुलासा

**यूएन।** इस्लामिक स्टेट (खुरासान) यानी ISIL-K ने अफगानिस्तान में भारत, ईरान और चीन के दूतावासों पर आतंकवादी हमले शुरू करने की धमकी दी है। इसके जरिए ये आतंकी समूह तालिबान और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच संबंधों को कमजोर करने की कोशिश में है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेश की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। गुरुवार को सुरक्षा परिषद ने 'आतंकवादी कृत्यों के कारण अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे' विषय पर एक बैठक की। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएसआईएल (खुरासान) ने खुद को तालिबान के लिए 'प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी' के रूप में तैनात करना शुरू किया है। इनका कहना है कि तालिबान के लड़ाके देश को सुरक्षा प्रदान करने में असमक्ष हैं। पिछले साल जून में भारत ने तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद दूतावास से अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया था। हालांकि, 10 महीने बाद फिर से राजनयिक संबंध बहाल हो गए थे। भारतीय विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में एक भारतीय दल ने काबुल का दौरा भी किया था और कार्यवाहक विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्तकी और तालिबान व्यवस्था के कुछ अन्य सदस्यों से मुलाकात भी की थी। महासचिव की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अफगानिस्तान में तालिबानी कब्जे के बाद पिछले साल सितंबर में काबुल के रूसी दूतावास पर पहला हमला था। दिसंबर में इस्लामिक स्टेट (खुरासान) ने पाकिस्तान के दूतावास और चीनी नागरिकों द्वारा अक्सर आने वाले एक होटल पर हमले का दावा किया था। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हाई-प्रोफाइल हमलों के अलावा ये आतंकवादी शिया अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। हर रोज शिया अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। इसके जरिए वह अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार को कमजोर कर रहे हैं।

## 2025 तक दुनिया की आधी बिजली खर्च करेगा एशिया, भारत में भी बढ़ी मांग

**बर्लिन।** भारत में 5.3 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रही बिजली की मांग 2022 में 8.4 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसकी वजह कोविड महामारी के बाद देश की मजबूत रिकवरी रही। साथ ही मार्च से जुलाई तक पड़ी तेज गर्मी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने बुधवार को अपनी नई रिपोर्ट में यह दावे किए हैं। एजेंसी ने अनुमान जताया है कि साल 2023 से 2025 के बीच भारत में बिजली की मांग 5.6 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 देश के लिए बीते 100 साल में सबसे गर्म महीना साबित हुआ। अप्रैल से जुलाई के बीच भी बिजली की औसत मांग 2021 के मुकाबले 14 प्रतिशत अधिक रही। 10 जून को 211 गीगावाट बिजली की मांग का रिकॉर्ड बना। इसके परिणामस्वरूप, मांग की सालाना वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो चीन की 2.6 प्रतिशत वृद्धि से कहीं ज्यादा है। चीन में 2015 से 2019 के बीच 5.4 प्रतिशत की औसत वृद्धि हुई थी। दूसरी ओर, रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले तीन साल यानी 2025 तक दुनिया की आधी बिजली एशियाई देश खर्च करेंगे। इनमें चीन सबसे ऊपर है, जो अकेले 33 प्रतिशत बिजली खर्च करेगा। यह अमेरिका, यूरोपीय संघ व भारत, तीनों द्वारा खर्च की जाने वाली बिजली से अधिक है। एशिया में बिजली की मांग में वृद्धि में भारत और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश भी योगदान देंगे। वर्ष 2022 तक भारत के पास 410 गीगावाट बिजली बनाने की क्षमता थी।

# तुर्किये-सीरिया त्रासदी में 15 हजार मौतें!

## सीरिया में 3 लाख लोग बेघर; राष्ट्रपति एर्दोगन बोले- हम शुरुआत में राहत पहुंचाने में रहे नाकाम

**तुर्किये।** तुर्किये और सीरिया में सोमवार को आए 3 बड़े भूकंप ने भयंकर तबाही मचाई है। AFP न्यूज के मुताबिक, दोनों देशों में मरने वालों की संख्या 15 हजार से ज्यादा हो गई है। घायलों की संख्या 40 हजार के करीब हो गई है। मदद के लिए WHO और ह समेत दुनियाभर के 70 से भी ज्यादा देश आगे आए हैं। लोकल मीडिया के मुताबिक, सीरिया में 3 लाख लोगों को मजबूरन अपना घर छोड़ना पड़ा है।

सरकार को लेकर लोगों के बढ़ते गुस्से के बाद तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने स्वीकार किया कि भूकंप के बाद उनकी सरकार की शुरुआती प्रतिक्रियाओं में कमियां थीं। दरअसल, भूकंप के बाद कई ईलाकों में लोगों ने



बचावकर्मियों के देर से पहुंचने के साथ ही समय पर राहत सामग्री नहीं मिलने की शिकायत की थी और सरकार पर अनदेखी के आरोप लगाए थे।

हालांकि, राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि सभी लोगों की मदद के लिए सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है और देश में कोई भी बेघर नहीं रहेगा।

**तुर्किये में सरकार ने ट्विटर ब्लॉक किया**

इस बीच तुर्किये में ट्विटर को ब्लॉक कर दिया गया है। दरअसल, तुर्किये सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार के खिलाफ एक बिल पास किया था। इसके तहत यदि सोशल मीडिया कंपनियां तुर्किये से जुड़ी गलत जानकारी अपनी साइट से नहीं हटाती हैं, तो उन पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे। देश में आपत्तिजनक पोस्ट के लिए अब तक 18 लोगों को हिरासत में लिया है और 5 को गिरफ्तार किया गया है।

**भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' चलाया**

भारत भी 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत मदद भेज रहा है। दरअसल, तर्किश और हिंदी भाषा में 'दोस्त' शब्द का इस्तेमाल होता है, इसलिए इस ऑपरेशन का नाम दोस्त रखा गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए NDRF टीमों के साथ गरुड़ एरोस्पेस कंपनी के ड्रोन भी भेजे गए हैं।

इधर, भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि तुर्किये में भूकंप आने के बाद से ही एक भारतीय नागरिक लापता है। साथ ही तुर्किये के दूर-दराज के इलाकों में 10 भारतीय फंसे हुए हैं। इन्हें रेस्क्यू करने की कोशिश की जा रही है।

## जासूसी गुब्बारे पर बाइडन ने दी चीन को चेतावनी कहा- प्रतिस्पर्धा चाहते हैं टकराव नहीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दूसरी बार स्टेट ऑफ द यूनियन को संबोधित करते हुए कहा कि अगर चीन खतरा पैदा करेगा तो अमेरिका अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा।

चीन के साथ जासूसी गुब्बारा विवाद में बाइडन ने कहा कि मैं चीन के साथ अमेरिका और दुनिया के हितों के लिए काम करने को तैयार हूं, लेकिन अगर वो हमें नुकसान पहुंचाएंगे तो हम अपनी रक्षा जरूर करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मेरे पद संभालने से पहले चीन अपनी ताकत बढ़ा रहा था और अमेरिका पीछे छूट रहा था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। मैंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में साफ कर दिया था कि हम टकराव



नहीं प्रतिस्पर्धा चाहते हैं। हम अमेरिका को और मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। साथ ही हम अपनी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी की रक्षा के लिए साथी देशों के साथ काम कर रहे हैं, जिससे कोई और इसका गलत फायदा न उठा सके। हम चीन या दुनिया के किसी भी देश के साथ कॉम्पिटिशन के लिए सबसे मजबूत स्थिति में हैं। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों का मानना है कि हाल ही में बरामद चीनी जासूसी बैलून चीनी सेना के एक सर्विलेंस प्रोग्राम का हिस्सा है। बाइडन ने रूस-यूक्रेन जंग पर व्लादिमिर पुतिन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये जंग आने वाले कई सालों तक पूरी दुनिया के लिए एक परीक्षा है कि क्या हम अपने बुनियादी सिद्धांतों के लिए खड़े होंगे। क्या हम लोगों पर हो रहे जुर्म के खिलाफ आवाज उठाएंगे और क्या हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आएंगे इसके अलावा बाइडन ने अपने संबोधन में रिपब्लिकन पार्टी को साथ आकर देश के लिए काम करने को कहा। साथ ही उन्होंने 'मेड इन अमेरिका' को उनकी सरकार की पहली प्राथमिकता बताया।

## Ami Bera अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की उपसमिति के 'रैंकिंग सदस्य' चुने गए

**वाशिंगटन।** भारतीय अमेरिकी सांसद एमी बेरा को प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की उस प्रमुख उपसमिति का 'रैंकिंग सदस्य' चुना गया है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र से जुड़े मामलों को देखती है। बेरा (57) पिछले साल कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेशनल जिले से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में पुनः निर्वाचित हुए थे। वह सदन में सबसे वरिष्ठ भारतीय अमेरिकी सांसद हैं। अमेरिका की 118वीं कांग्रेस के निचले सदन में इस समय पांच भारतीय अमेरिकी सांसद हैं। इससे पहले बेरा ने 117वीं कांग्रेस में एशिया,



प्रशांत, मध्य एशिया और परमाणु अप्रसार संबंधी मामलों से जुड़ी उपसमिति की अध्यक्षता की थी।इस दौरान उन्होंने हिंद प्रशांत में सहयोगियों और साझेदारों के साथ अमेरिकी संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों की अगुवाई की थी। बेरा ने जारी एक बयान में कहा, '' मुझे गर्व है कि हिंद-प्रशांत मामलों संबंधी उपसमिति के रैंकिंग सदस्य के रूप में प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति में मैं नेतृत्व करता रहूंगा। हिंद-प्रशांत हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक हितों और मूल्यों के लिए दुनिया के लिए बेहद अहम क्षेत्र बना हुआ है।

## US territory में चीनी गुब्बारों के उड़ने के चार मामले पहले भी पाए गए : पेंटागन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने यहां दावा किया कि अमेरिकी वायु क्षेत्र में चीनी निगरानी गुब्बारों के उड़ने के चार मामले पहले भी सामने आ चुके हैं और अमेरिका में हाल में नष्ट किया गया चीनी गुब्बारा ''कई साल'' से जारी चीन के बड़े निगरानी कार्यक्रम का हिस्सा था। पेंटागन का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिकी सेना ने अमेरिका के संवेदनशील प्रतिष्ठानों के ऊपर मंडरा रहे एक चीनी निगरानी गुब्बारे को हाल में नष्ट कर दिया था। इस गुब्बारे को शनिवार को अटलांटिक महासागर के ऊपर साउथ कैरोलाइना के तट पर एक लड़ाकू विमान ने नष्ट कर दिया था। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि चीन ने केवल अमेरिका ही नहीं, बल्कि पांच महाद्वीपों के कई देशों की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। इस बीच, रक्षा विभाग के प्रवक्ता जनरल पैट राइडर ने



संवाददाताओं से कहा कि यूएस नदर्न कमांड नष्ट किए गए गुब्बारे के मलबे को हासिल करने की कोशिश में जुटा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका को इस बात की जानकारी है कि इससे पहले भी चार गुब्बारे अमेरिकी क्षेत्र के ऊपर उड़ाए गए हैं। राइडर ने कहा, ''हम बड़े चीनी निगरानी गुब्बारा कार्यक्रम के तहत इस घटना की जांच कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कई साल से चलाया जा रहा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि चीन ने ये गुब्बारे कहां से भेजे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह अमेरिका को इस कार्यक्रम के बारे में काफी कुछ पता चला। ब्लिंकन ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''पांच महाद्वीपों के कई देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करने वाले इस बड़े निगरानी कार्यक्रम का केवल अमेरिका ही निशाना नहीं है।'' अमेरिका में मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने भारत और जापान समेत कई देशों को निशाना बनाकर जासूसी गुब्बारों के एक बेड़े को संचालित किया है। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत समेत अपने मित्रों एवं सहयोगियों को चीनी गुब्बारे संबंधी जानकारी से अवगत कराया है।

> पेंटागन का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिकी सेना ने अमेरिका के संवेदनशील प्रतिष्ठानों के ऊपर मंडरा रहे एक चीनी निगरानी गुब्बारे को हाल में नष्ट कर दिया था।

## मोदी, नेतन्याहू ने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की

**इजराइली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजराइल के उनके समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू ने दोनों देशों के बीच ''निकट और महत्वपूर्ण'' संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने की इच्छा व्यक्त की। पिछले साल दिसंबर में नेतन्याहू के सत्ता में लौटने के बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर दूसरी बार बातचीत हुई। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि करीब 20 मिनट तक



बातचीत हुई।पीएमओ के एक बयान में कहा गया, ''दोनों नेताओं ने इजराइल और भारत के बीच करीबी और महत्वपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।'' बयान में कहा गया है, ''दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्र में देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने की इच्छा व्यक्त की।'' मोदी ने 11 जनवरी को बातचीत में नेतन्याहू को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी और दोनों देशों के बीच निरंतर सहयोग के महत्व पर जोर दिया। नेतन्याहू (73) ने पिछले साल 29 दिसंबर को छठी बार इजराइल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। पिछली बातचीत के दौरान, मोदी ने नेतन्याहू को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि पर भारत आने के लिए आमंत्रित किया था।

## फ्रेंच राष्ट्रपति और जर्मन चांसलर से मिले जेलेंस्की: जंग जीतने के लिए मांगे फाइटर जेट्स, मैक्रों बोले- यूक्रेन में दांव पर यूरोप का भविष्य

**पेरिस।** ब्रिटेन में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की देर रात च के विमान से फ्रांस पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और जर्मन चांसलर ओलफ शोल्ज से डिनर पर मुलाकात की। जेलेंस्की ने रूस को कड़ी चुनौती देने के लिए फ्रांस और जर्मनी से जल्द से जल्द फाइटर जेट्स और बड़े वहीं जर्मन चांसलर शोल्ज ने यूक्रेन को यूरोपीय परिवार का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि



जर्मनी ने अब तक यूक्रेन को आर्थिक मदद के साथ ही हथियार और मानवीय सहायता भी पहुंचाई है और जब तक जरूरत पड़ेगी हम यूक्रेन के साथ खड़े रहेंगे।

**मैक्रों के रुख को लेकर परेशान रहें हैं जेलेंस्की**

फ्रेंच मीडिया के मुताबिक, जेलेंस्की कई बार जंग और यूक्रेन के प्रति राष्ट्रपति मैक्रों की प्रतिक्रिया को लेकर परेशान रहे हैं। मैक्रों ने जंग शुरू होने के बाद कई बार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत की थी। उन्होंने जंग रोकने के लिए किसी भी अंतिम समझौते में रूस के हितों का ध्यान रखने को लेकर भी चिंता व्यक्त की थी।

हालांकि, मैक्रों ने पिछले कुछ महीनों में ये साफ कर दिया कि फ्रांस जंग में जीत को लेकर हर तरह से यूक्रेन के साथ है। उन्होंने हाल ही में यूक्रेन की मदद के लिए हल्के टैंक के साथ 12 नए सीजर हॉवित्जर आर्टिलरी सिस्टम देने की घोषणा की थी। वहीं मैक्रों ने कीव को लड़ाकू विमान देने की पॉसिबिलिटी से भी इनकार नहीं किया था।

**अप्रैल तक कीव पहुंचेगा जर्मनी का पहला टैंक बटैलियन**

दूसरी तरफ, जर्मनी भी यूक्रेन को लेपर्ड टैंक देने का ऐलान कर चुका है। जर्मनी के डिफेंस मिनिस्टर ने कहा कि पहला टैंक बटैलियन अप्रैल तक कीव पहुंच जाएगा। वहीं अमेरिका और ब्रिटेन ने भी कई टैंक और हथियार यूक्रेन भेजने का वादा किया है।

**जेलेंस्की ने ब्रिटेन का धन्यवाद किया**

इससे पहले रूस के हमले के बाद बुधवार को पहली बार यूरोप पहुंचे राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की थी। सुनक ने एयरपोर्ट पर गले लगाकर उनका स्वागत किया था। जेलेंस्की ने ब्रिटेन की संसद में स्पीच भी दी थी। इस दौरान उन्होंने यूक्रेन के 'वॉर हीरोज' की तरफ से ब्रिटेन के लोगों का धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स से भी मुलाकात की थी।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एक सरप्राइज विजिट पर ब्रिटेन पहुंचे। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एयरपोर्ट पर गले लगाकर उनका स्वागत किया। इस मुलाकात की फोटो सुनक ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की। इसके बाद दोनों 10 डाउनिंग स्ट्रीट (PM के सरकारी आवास) पहुंचे। जेलेंस्की ने ब्रिटेन की संसद में स्पीच भी दी। साथ ही वे किंग चार्ल्स से बकिंघम पैलेस में मिले।

## पाकिस्तान अधिकारियों ने 190 हिंदुओं को भारत जाने से रोका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी अधिकारियों ने सिंध प्रांत में रह रहे 190 हिंदुओं को भारत जाने से रोक दिया, क्योंकि वे पड़ोसी देश की अपनी यात्रा के मकसद को लेकर कथित तौर पर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, सिंध के कई हिस्सों से बच्चों और महिलाओं सहित विभिन्न हिंदू परिवार वाघा बॉर्डर पहुंचे थे। उनके पास वीजा था और वे तीर्थयात्रा के लिए भारत जाना चाहते थे।समाचार पत्र की खबर के अनुसार, पाकिस्तान के आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें मंजूरी नहीं दी क्योंकि वे उचित कारण नहीं बता सके कि वे भारत क्यों जाना चाहते हैं। खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि हिंदू परिवार अक्सर धार्मिक तीर्थयात्रा के नाम पर वीजा लेते हैं और फिर लंबे समय तक भारत में रुक जाते हैं। अभी राजस्थान और दिल्ली में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी हिंदू खानाबदोश की



तरह रह रहे हैं। 'सेंटर फॉर पीस एंड जस्टिस पाकिस्तान' की रिपोर्ट के अनुसार,पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की आबादी 22,10,566 है, जो देश की कुल पंजीकृत आबादी का 1.18 प्रतिशत है।पाकिस्तान की पंजीकृत आबादी 18,68,90,601 है। पाकिस्तान में अधिकतर हिंदू आबादी गरीब हैं और देश की विधायी व्यवस्था में उनका प्रतिनिधित्व नगण्य है। अधिकतर हिंदू आबादी सिंध प्रांत में बसती है, जहां मुस्लिम निवासियों के साथ उनकी संस्कृति, परंपराएं और मेल खाती है। वे अकसर चरमपंथियों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत भी करते हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## सराफा बाजार: सोने में मामूली तेजी, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** मौजूदा सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन आज घरेलू सराफा बाजार सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आया। सोने की कीमत में आज मामूली तेजी दर्ज की गई। वहीं चांदी की कीमत में गिरावट का रुख बना रहा। आज के कारोबार में सोना 17 रुपये प्रति 10 ग्राम मजबूत होता नजर आया, तो दूसरी ओर चांदी की कीमत में 94 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को सोने का आखिरी बंद भाव 57,538 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज इसमें सिर्फ 17 रुपये की तेजी दिखाई दी। आज सोने की अलग अलग श्रेणियों में 17 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 10 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की बढ़त दर्ज की गई। माना जा रहा है कि सराफा बाजार के निवेशक वर्ल्ड गोल्ड मार्केट की चाल पर नजर बनाए हुए हैं। अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में तेजी आती है, तो घरेलू सराफा बाजार भी तेज हो सकता है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक घरेलू सराफा बाजार में आज कारोबारी यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 17 रुपये की बढ़त के साथ चढ़ कर 57,555 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत भी 17 रुपये की मजबूती के साथ 57,325 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जबकि जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 15 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 52,720 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 12 रुपये तेज होकर 43,166 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई।